

Since 1974

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

jas
connect to source

## प्रीमियम बी-टू-बी शो
एक नया कीर्ति स्तम्भ

## रेनू चौधरी
चिर परिचित ब्लॉगर

## ट्रेंडी अफेयर्स
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION GEMSTONE SHOW

जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के
## ताज में एक और रत्न


C.I. Bogotá Emerald Mart S.A.S.
Miner and Exporter of Colombian Emeralds.
All qualities, cut and rough.
Av. Jiménez No. 5-43 Of. 801 Bogotá - Colombia
Tels: (571) 342 0966 - 342 0015 - 342 2860
www.bem.com.co - bem@bem.com.co - benny@bem.com.co
BENNY
www.bem.com.co
2021 -5781
MEMBER
Benny Bazalel
+57 310 219 5000
Jonny Bazalel
+57 313 294 0430
Shareholder of:
Empavas Mine in Muzo/Quipama
Calceteros and Buenos Aires Mine in Coscuez



JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR
Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स एसोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

जुलाई-अगस्त 2021 | Volume XXXIX No.5

Regd. with R.N.I. No. 26126/74

GEM WORLD
JAS
GEM BOURSE
JANOPYOGI BHAWAN
DHARAM KANTA
JEA
JAGS

## वि ष य - सू ची

13 एक नया कीर्ति स्तम्भ

20 रफ एंड कट स्टोन शो

21 JEA पुरस्कार



23 ट्रेंडी अफेयर्स
ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स



29 रेनू चौधरी
चिर परिचित ब्लॉगर

31 अनिल बिंद्रानी और निखिल जैन के साथ
बाजार के नए ट्रेंड

33-36 Auctions & Exhibitions
जैमफील्ड्स | फ्यूरा

37 दी हैदराबाद कनेक्शन



43 नए जैम स्टोन्स
गगन चौधरी



46-50 जीजेईपीसी | जीजेसी | जीजेएससीआई

51 एसजीजेआईए सीतापुरा जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री असोसिएशन

53 डिज़ाइन स्पीक
जानें डिजाइनर को



56 जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के युगपुरुष
श्री एस.एस. गुप्ता

57 सूचना एवं समाचार
ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर

64 स्मरण



कवर क्रेडिट:
हीरामानेक एंड सन

प्रकाशन
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

संपादक और डिजाइन
Splashierz Design
+91 77427 25334

विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
टे: +91 141 4034112-13 मो: +91 87696 64864 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

# संदेश



**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

प्रिय पाठकों! पत्रिका का डिजिटल और द्विभाषीय संस्करण आपसे साझा करते हुये मुझे बेहद खुशी है। हमारे असोसिएशन का उद्देश्य व्यापार को बढ़ावा देना, सभी के लिए नए अवसर पैदा करना और जवाहरात समाज का अधिकाधिक सहयोग करना है। इस पत्रिका के माध्यम से, हम व्यापार की नवीनतम सूचनाएँ और संबन्धित अन्य खबरें आप तक पहुंचाएंगे। इस हिन्दी संस्करण से हमारा उद्देश्य एक बड़े पाठक वर्ग तक पहुँचना और उनसे जुड़ना रहेगा।



**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

सभी को शुभकामनायें! ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की अधिकारिक पत्रिका के पहले डिजिटल संस्करण को पेश करते हुये हमें बेहद खुशी है। इस पत्रिका की विस्तृत पाठक संख्या है जो दुनियाभर के जवाहरात व्यवसायियों को एक दूसरे से जोड़ने का कार्य करती है। इस पत्रिका के माध्यम से हम आपको व्यापार की नवीनतम सूचनाएँ व विशेष लेखन से रूबरू करवाते हैं। हमारा उद्देश्य केवल सूचना देना ही नहीं है बल्कि हमारे विज्ञापनदाताओं को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करना भी है, जिन्होंने हम में गहरा विश्वास व्यक्त किया है।
पढ़ते रहिए!

---


**जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल**

**राम शरण गुप्ता**
अध्यक्ष
**अशोक माहेश्वरी**
मानद सचिव
**नीरज लुणावत**
संयोजक जैम वर्ल्ड

आलोक सौंखिया
अभिषेक सांड
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर कुमार ठोलिया

# संदेश



ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका 'जेम वर्ल्ड'  वर्ष 1974 से ज्वैलर्स समुदाय से जुड़ी हुई है। भारत और दुनिया में विस्तृत पाठक संख्या के साथ, 47 वर्ष पुरानी मैगज़ीन अब अपने डिजिटल अवतार में उतरने जा रही है। डिजिटल संस्करण की पहुँच और पाठक संख्या भी विस्तृत होगी। हमें उम्मीद है कि आपको संस्करण पसंद आयेगा और हम आपके निरंतर समर्थन की आशा करते हैं।

**नीरज लुणावत**
संयोजक, जैम वर्ल्ड
संयुक्त सचिव, ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर




**"टीम जैम वर्ल्ड"**

**बाएँ से दाएँ: नरेश अगरोया, सुधीर कुमार ठोलिया, नीरज लुणावत, आलोक सौंखिया, महेश खण्ड़ेलवाल, अभिषेक सांड**

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# कार्यकारी समिति
## 2021-2022



राम शरण गुप्ता
अध्यक्ष



आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष



अशोक माहेश्वरी
मानद् सचिव



नीरज लुणावत
संयुक्त सचिव



राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
कोषाध्यक्ष



अभिषेक सांड
सदस्य



अजय गोधा
सदस्य



डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सदस्य




गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
सदस्य



महेश खण्ड़ेलवाल
सदस्य




मुकेश विजय
सदस्य



नरेश अगरोया
सदस्य




निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य



राजेश जैन
सदस्य



राजेश धामाणी
सदस्य



संजय काला
सदस्य



सुनील बटवाड़ा
सदस्य



विजय केड़िया
सदस्य

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**समाज सेवा**
**संयोजक**
आलोक सौंखिया
**सदस्य**
गौरव जैन
महेश खण्ड़ेलवाल
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
अदित बरड़िया

**B.2.B शो JAGS**
**संयोजक**
मुकेश विजय
**सदस्य**
शैलेष कुमार मेहता
अभिषेक सांड
अब्दुल शकूर लाली
अमित विजय
अरूण मोदी
आशीष बंग माहेश्वरी
घनश्याम बिलसोरा
कुंजन घीया
संजीव गुप्ता

**धर्मकांटा एवं फोटोग्राफी**
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी
**सदस्य**
अभिषेक मालपानी
गौरव फोफलिया
नरेश अगरोया
रितिक माहेश्वरी

**जनोपयोगी भवन**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
बाल किशन गुप्ता
महेन्द्र जैन (जापानवाला)
नीलकण्ठ भंडारी
राम नारायण नांगलिया
सतीश अग्रवाल
सुनील नाहर
सुरेन्द्र सुराणा
उमेश सोनी

**शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सदस्य**
अजय बक्षी
अजय गोधा
अजय खण्ड़ेलवाल
अमित कोटावाला
घनश्याम साहू
जीतू पटेल
महावीर ड़ागा
महेश फतेहपुरिया
मनोज अग्रवाल
पारस ठोलिया
प्रकाश बैद
राजेश सेठ
राकेश कोचर
संदीप कटारिया
शांति शाह
श्रीयांश धांधिया
विवेक दाधीच

**ज्वैलर्स असोसिएशन शो JAS**
**संयोजक**
राजेश धामाणी
**सह-संयोजक**
कृष्ण कुमार अग्रवाल
नरेश अगरोया
**सदस्य**
अभिषेक रानीवाला
अभिषेक सांड
अजय गोधा
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण कोठारी
अरूण कुमार गोखरू
अरविन्द गुप्ता
बजरंग बाहेती
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नीरज लुणावत
निर्मल कुमार बरड़िया
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश जैन
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील गुप्ता
सुरेश ढड्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी

# उप-समितियां 2021-2022

**अध्यक्ष श्री रामशरण गुप्ता एवं मानद् मंत्री श्री अशोक माहेश्वरी सभी उप-समितियों में पदेन सदस्य होंगे।**

**यंग एंट्रेप्रेन्योर व डिजिटाइजेशन**
**संयोजक**
अभिषेक सांड
सदस्य
आलोक सौंखिया
नीरज लुणावत
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
शिरीष अग्रवाल
विनीष अग्रवाल

जेम **वर्ल्ड सलाहकार मंडल**
**संयोजक**
नीरज लुणावत
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
सुधीर ठोलिया

**कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
राजेश धामाणी
विजय केड़िया
सुनील शर्मा

**पंच फैसला**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
निर्मल कुमार बरड़िया
ओम प्रकाश डंगायच
श्याम सुन्दर खटोरिया

**ट्रेड रेग्यूलेटरी कमेटी (टी.आर.सी.)**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक सौंखिया
दिनेश कुमार खटोरिया
कमल कुमार कोठारी
विजय केड़िया

**व्यापारिक सुरक्षा**
**संयोजक**
राजेश जैन
**सदस्य**
अनिल कुमार अग्रवाल
अरविन्द गुप्ता
भरत आर. पटेल
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
सुरेश गुप्ता

**वित्त संग्रह**
**संयोजक**
विजय केड़िया
**सदस्य**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
महेन्द्र कुमार अग्रवाल
सुनील मनिहार

**विधान संशोधन**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
अरूण गोखरू
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
कमल कुमार कोठारी
निर्मल कुमार बरड़िया

**रत्न दलाल**
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
राजेश धामाणी
गौरव फोफलिया
हरीश खण्ड़ेलवाल (भुखमारिया)
महेश गुप्ता
मनीष लुहाड़िया
मनोज अग्रवाल
मनोज गंगवाल
राहुल छाबड़ा
संजय माहेश्वरी
विनोद कुमार गुप्ता (AVD)

**सदस्यता प्रवेश-पत्र जाँच**
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अरविन्द गुप्ता
राजू अग्रवाल मंगोडीवाला
रूपेश ताम्बी
यशेष ताम्बी

**सेमीनार**
**संयोजक**
संजय काला
**सदस्य**
गौरव जैन
सुधीर ठौलिया
राजेश जैन
नीरज लुणावत
राजेश धामाणी
सुनील बटवाड़ा

GEMFIELDS



Responsibly sourced Zambian emeralds and Mozambican rubies.
Championing transparency and trust in the coloured gemstone industry.

GEMFIELDS.COM


valentine
JAIPUR
VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT.LTD.
E: order@valentinejewelleryindia.com, T :+91 141 2771772/3
VALENTINE JADAU
E: val.jadau@gmail.com, T : +91 - 7412077882/3
Years of Excellence 25
G1 - 15, Gem & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur, India-302022.
For more information please visit : www.valentinejaipur.com





Tanzanite



Opal



Paraiba



Rubellite



Swiss Blue Topaz



Tourmaline



Bi-color



Green Tourmaline



Aquamarine



Morganite




**Corporate Office**
RMC Gems India Ltd.
24, Bardiya Colony, Museum Road,
Jaipur 302004 India
Tel: 91-141-2533050,2533092
Email: rmc@rmcgems.in

RMC
www.rmcgems.in

**SEZ Factory**
RMC Gems India Ltd.
G1-18 & 19, SEZ Phase 1, Sitapura Industrial Area,
Tonk Road, Jaipur 302022 India
Tel: 91-141-2770687 Fax: 91-141-2770669
Email: rmc@rmcgems.in



LUNAWAT GEMS CORPORATION

MANUFACTURER : EXPORTER : IMPORTER






WWW.JAIPURGEM.COM

2135-36,Lunawat House,Haldion Ka Rasta Johari Bazar,
Jaipur,302003(Raj.)india
TEL NO: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email-contact@lgcindia.com,lunawatgem@gmail.com






jas
connect to source

# जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए एक नया कीर्ति स्तम्भ

पिछले कई वर्षों से होने वाले ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS) ने जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

एक साहसिक निर्णय के साथ JAS को B2B प्रारूप में प्रस्तुत किया गया। एक लबे अंतराल के बाद व्यवसाय में अवसर और सम्भावनाओं के नए आयाम ढूंढने के लिए यह शो सीतापुरा स्थित JECC में 18 -20 अगस्त तक आयोजित हुआ।

शो की थीम 'connect to source' रखी गई। इसका उद्देश्य ब्रांड जयपुर को राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैम्स एंड ज्वैलरी डेस्टिनेशन के तौर पर पुन: स्थापित कर एक विशिष्ट पहचान बनाना हैं।

इस शो में पूरे भारत से आये लगभग 500 विशेष आमंत्रित बायर्स, व लगभग 350 ऑनलाइन स्व-रजिस्टर्ड बायर्स ने हिस्सा लिया। चुनिंदा 94 प्रीमियम एक्ज़ीबीटर्स ने अपने नए कलेक्शंस के साथ नई संभावनाओं को प्रस्तुत किया।

कोरोना के बाद होने वाले पहले फिजिकल शो में बायर्स और एक्ज़ीबीटर्स दोनों की ही बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। तीनों ही दिन सक्रिय व्यावसायिक गतिविधियां रही।

शो के दौरान शाम के समय फैशन शो और गाला म्यूजिकल शो भी आयोजित हुए। इसमें भी सभी ने उत्साहपूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

एक नई सोच और नए फ्लेवर के साथ आयोजित शो JAS'21 पुरे देश के जवाहरात व्यवसाय में नई ऊर्जा का संचार करने में बेहद सफल रहा।



## संयोजक संदेश



**राजेश धामाणी**
संयोजक, जस
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

एक विचार का होना, उससे भी बढ़कर उसका सफल होना अहम होता है। जस भी ऐसा ही एक विचार था। आज यह विचार भारत के मानचित्र पर अपनी एक पहचान रखता है। अब जयपुर सिर्फ जैम स्टोन ही नहीं ज्वैलरी के सोर्स का भी अंतर्राष्ट्रीय डेस्टिनेशन है। इस शो की थीम 'कनेक्ट टू सोर्स' से हमने यह बात साबित की है।

बीते कई सालों में शो ने सफलता के नए कीर्तीमान स्थापित किए हैं। कोरोना को ही देख लें, यह एक चुनौती था। इसका सामना जयपुर के जैम एंड ज्वैलरी सेक्टर ने मजबूती से किया। इस समय यह शो करना एक साहसिक निर्णय रहा। शो 18 महीने बाद हुआ। संभवतया यह देश का पहला फिजिकल शो रहा। जस का बीटूबी होना पूरी तरह सफल रहा। चूंकि शो बीटूबी था, ऐसे में व्यापार के विकास के लिए महत्वपूर्ण नई और बेहतर संभावनाएं सामने आईं हैं।

शो में जयपुर शहर का एक अंदाज यहां की मेहमान नवाजी भी, बाहर से आने वाले व्यापारियों को नजर आई। सिर्फ व्यापार ही प्राथमिकता नहीं थी, लोगों की सुरक्षा व उनसे जुड़ी छोटी-छोटी बातों का भी ख्याल रखा गया। हम धन्यवाद देना चाहते हैं राजस्थान सरकार, एग्जीबिटर व बायर का भी। इनके सहयोग व समर्थन की वजह से शो सफल हो पाया है।























**इस बार का जस बी टू बी रहा। एक्ज़ीबीटर्स के साथ-साथ बायर्स ने इस शो में उत्साह से भाग लिया। जानते हैं इन्हें शो में हिस्सा लेकर कैसा लगा।**



मैं पहले भी शो में हिस्सा ले चुकी हूँ। इस बार यह शो बेहद अलग व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का लग रहा हैं। इस बार इसमें चुनिंदा बायर और एक्ज़ीबीटर ही हैं, जिसमें बिना किसी व्यवधान के व्यापार करने में सुगमता रही। मुझे यह बदलाव पसंद आया।

**मेघाली गुप्ता**
श्रीराम हरीराम ज्वैलर्स, दिल्ली



बी टू बी शो होने के वजह से एक्ज़ीबीटर्स से रूबरू होना एक शानदार अनुभव रहा। पहले बी टू सी होने के कारण थोड़ा व्यवधान होता था।



**कैलाश काबरा**
के. के. ज्वैल्स, अहमदाबाद





**रिद्धी सोहिल गाला**
काशी ज्वैलर्स, कानपुर

जस एक बेहतरीन व्यवस्थित शो है। हमें रिसिव करने से लेकर हमारे वहाँ होने तक सब एकदम नियोजित तरीके से था। मुझे यहाँ आने की बेहद खुशी है।



**गोपाल और भावना सिंघला**
जगन ज्वैलर्स, चंडीगढ़

शो की व्यवस्थाएं उच्च स्तर की हैं। इसकी प्लानिंग में एक-एक चीज पर बारीकी से ध्यान दिया गया है और एक्जिक्यूशन प्रशंसनीय है। कोविड के कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी पूरी सावधानी बरती गई है। बाकी हमेशा की तरह ही, कलेक्शन तो शानदार है ही।





**वर्षा सिंह और अभव जैन**
वीतराग ज्वैल्स, बैंगलोर

इस शो में कुन्दन ज्वैलरी बेहद खूबसूरत है और भारी सेट्स की अद्भुत डिजाइन देखने को मिली हैं। पूरा अनुभव एकदम शानदार रहा है।

**दीपक खेर**
टीटी जेम्स, मुंबई



इस बार, हम बी-टू-बी शो का हिस्सा बने और यहाँ अच्छा अनुभव रहा। यह पूरा शो बेहतर तरीके से नियोजित किया गया और वो भी सिर्फ 20 दिनों में। इसकी योजना अच्छे से की गई है और इसमें एक अंतर्राष्ट्रीय अनुभव देखने को मिल रहा है। इससे आने वाले समय में ट्रेड को बढ़ाने में मदद मिलेगी।



**पुनीत जैन**
नानक ज्वैलर्स, पटियाला

जयपुर तो ज्वैलरी के मामले में दुनिया का बड़ा केंद्र है। कुन्दन मीना और हाथ की गढ़ाई की ज्वैलरी के लिए मेरा यहाँ आना होता है। शो की अगर बात करें तो सब कुछ शानदार था, साथ ही भीड़ कम रखी गई और सुरक्षा के नियमों का पालन किया गया, इसे देखकर अच्छा लगा।



**राज महतानी**
कोटूर ज्वैल्स, कोलकाता

जस ने एक सुंदर शो की व्यवस्था की है जो खरीदारों के लिए बहुत सुविधाजनक है। शो में ज्वैलरी कलेक्शन बहुत शानदार है। यह शो दुनिया के बड़े शोज से कम नहीं है। जस की मेहमानवाजी शानदार रही है।

कोराना काल होने के बावजूद भी ज्वैलरी की वाइड रेंज हमें देखने को मिली। इस स्तर पर शो की उम्मीद कोरोना में नहीं थी। यह शो आशा से कहीं ज़्यादा अच्छा रहा है।



**अनन्या**
अंतर्राष्ट्रीय खरीदार, रूस

## प्रदर्शक अभिव्यक्ति



**अभिषेक सांड**
सािवओ ज्वैलरी

इस रूप में जस को मैंने पहली कभी नहीं देखा। यह बीटूबी शो का एक अनुकरणीय उदाहरण है। डायमंड और कलर्ड स्टोन को काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। शो के लिए जांबिया के पन्ने से प्रेरित होकर अपना कलेक्शन **'एमराल्डा'** लॉन्च किया। शो में इसे काफी पसंद किया गया।



---





**अभिषेक रानीवाला**
रानीवाला 1881

पिछले तीन महीनों में ब्राइडल कलेक्शन में एक ग्रोथ देखने को मिली है। ऐसा लग रहा है कि बाजार अब उठने को तैयार है। शो का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगा। सभी ने इस शो को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। यह मेहनत जस में नजर आई। चाहे वह जूलरी डिस्प्ले हो या स्टॉक प्रजेंटेशन।

---



**विकास मेहता**
अचल ज्वैल्स

शो के इस एडिशन में हमें अच्छे खरीददारों से रूबरू होने का मौका मिला और महामारी के बाद यहाँ होना वाकई शानदार अनुभव है। हमारे नए ब्राइडल कलेक्शन की बेहतरीन डिजाइन्स और कलर स्टोन्स को पसंद किया जा रहा हैं। चूंकि शादियों का सीज़न आने वाला है इसलिए शो के लिए इससे अच्छा समय नहीं हो सकता।



---

हमारा उद्देश्य क्वालिटी बायर्स और होलसेल बायर्स से मिलने का होता है और जस इसका एक शानदार जरिया है। हम बेहतरीन सुंदरता वाली बालियों के लिए जाने जाते हैं और इस साल हमारी थीम 'केक्टी' को लोगों ने बेहद पसंद किया है। हमें आशा है कि आने वाला सीज़न शानदार होगा।





**नमन काला**
कालाजी ज्वैलरी



**निर्मल बरडिया**
आरएमसी

एक बी-टू-बी शो की खास बात होती है इसमें आये हुए व्यापारियों से व्यवधान रहित संपर्क जो आने वाले समय में उनसे लगातार व्यापार में सहायक होता हैं और आपका व्यापार आगे बढ़ता हैं। यह शो जैसा रहा है इससे लगता है आने वाले 6 महीने जयपुर जैम्स और ज्वैलरी ट्रेड के लिए बेहद शानदार रहेंगे।



---





**करण रावत**
रावत ज्वैल्स

हम पहली बार जस का हिस्सा बने हैं क्योंकि इस बार इसे बी-टू-बी रखा गया है। यह फॉर्मेट भविष्य की दृष्टि से भी संभावनाओं से भरा लग रहा है। हमने ओपन सेटिंग, पोल्की और रंगीन रत्नों के कलेक्शन का प्रदर्शन किया है।

---



**शुभांग मित्तल**
श्री जी ज्वैलर्स

सावधानी रखने और सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए, हमें इवेंट में ख़रीददारों की संख्या कम रखनी पड़ी। इसके बावजूद, शो एकदम सफल रहा है और निकट भविष्य में हम ऐसे और भी शो आयोजित करेंगे।

शो की व्यवस्थाएं आशा से भी अधिक अच्छी हैं। हम जड़ाऊ, कुन्दन और प्राचीन कलेक्शन लेकर आए हैं। शो में अच्छा रुझान देखने को मिला हैं। हमें आने वाले समय से अच्छी आशाएँ और उम्मीद हैं। बाज़ार में तेजी आएगी।



**सुनील अग्रवाल**
सुनील ज्वैलर्स





jas
connect to source

प्रदर्शक अभिव्यक्ति



राघव खंडेलवाल
जयपुर रत्ना

इस साल हम इस बी-टू-बी शो में सुंदर ब्राइडल कलेक्शन लेकर आए हैं जिसमें ओपन सेटिंग, कुंदन, मीना, जड़ाऊ और गोल्ड नक्काशी शामिल हैं। साथ ही 500 से ज़्यादा ख़रीदार शो में आए हैं। यह शो शादियों के सीज़न से पहले हो रहा है इसलिए हमें अच्छे बिज़नेस की आशा है।





हमें एक अच्छे शो की आशा थी और यह शो हमारी आशा से भी अधिक अच्छा रहा। हमें खरीदारी के इच्छुक रिटेलर्स मिल रहे हैं और बिजनेस अच्छा चल रहा है। हमारे क्षेत्र के बिजनेस के साथियों से फिर से मिलना वाकई में शानदार अनुभव है। यहाँ का पूरा माहौल एनर्जी से भरा हुआ है।



मुकेश रेला
वेलेंटाइन ज्वैल्स



राम नारायण नांगलिया
राम नारायण एंड कंपनी



सुबह से ही हम कई ग्राहकों को अटेंड कर रहे हैं और हमें समय ही नहीं मिल रहा। शो का यह पैटर्न वाकई प्रेरणादायी और प्रशंसनीय है। इस शो में डिस्प्ले करने के लिए हमने राजसी दौर को जीवंत करते हुये, पन्ने से सुशोभित सुंदर किलंगी तैयार की है।



प्रतीक शाह
उमराव बाय शाह जेम्स

जयपुर जेम्स और ज्वैलरी मार्केट के लिए बी-टू-बी एक बदलाव की तरह है। हमें इसका हिस्सा बनने की खुशी है और हमने यहाँ मुगल आर्किटेक्चर से प्रेरित कलेक्शन का प्रदर्शन किया है। डिजाइन से लेकर लॉजिस्टिक्स तक, शो की हर चीज़ शानदार है। JAS की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम हैं



JAGS
JEWELLERS ASSOCIATION
GEMSTONE SHOW

# जयपुर ज्वैलर्स असोसिएशन के ताज में एक और रत्न

JAGS, एक दिवसीय रफ एंड कट स्टोन शो का भव्य आयोजन 4 सितंबर को रंगीन रत्नों की अन्तर्राष्ट्रीय राजधानी जयपुर में किया गया। शो में इंडस्ट्री मेंबर्स का शानदार रेन्स्पोंस और उत्साह देखने को मिला। ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर और JAGS टीम द्वारा अनूठी सोच के साथ आयोजित इस शो को विजिटर्स ने बेहद सराहा। इस शो ने इंडस्ट्री में नई आशाओं का संचार करते हुये नई व्यवसायिक संभावनाओं को विकसित किया।

शो के उद्घाटन कार्यक्रम में पिंकसिटी ज्वैल हाउस के मैनेजिंग डायरेक्टर मनुज गोयल-मुख्य अतिथि और आदर्श नगर विधायक रफीक खान व कलर रॉक्स ट्रेडिंग की मैनेजिंग डायरेक्टर शर्मिल माथुर विशिष्ट अतिथि थे ।










कोविडकाल में आयोजित यह शो हमारी आशा से कहीं अधिक सफल रहा। इसमें 58 एक्जिबिटर्स और 1200 से ज़्यादा विजिटर्स ने हिस्सा लिया, जो कि हमारी आशा से लगभग दोगुनी संख्या है। JAGS बेहद सफल शो रहा है। इसकी सफलता को देखते हुये हमने अक्टूबर में फिर इसका आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस शो की सफलता के लिए हम सभी एक्जिबिटर्स का धन्यवाद करते हैं।

**मुकेश विजय**
संयोजक, JAGS
ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर

Jewellery Eminence Awards

# JEA ने रचा इतिहास

## भारत का पहला वर्चुअल ज्वैलरी अवार्ड समारोह आयोजित

ज्वैलरी डिजाइन के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और ज्वैलरी उद्योग की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए ज्वैलरी एमिनेंस अवार्ड्स (JEA) ने वर्चुअल अवार्ड समारोह का आयोजन करते हुये इतिहास रचा। यह भारत का पहला ज्वैलरी अवार्ड समारोह था जिसका वर्चुअल आयोजन हुआ। भारत की प्रतिष्ठित ज्वैलरी ट्रेड संस्था ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर ने अपनी दूरदर्शी सोच के साथ JEA का आयोजन जैमफील्ड के सहयोग से किया। इन अवार्ड्स में देश भर के प्रतिभाशाली ज्वैलरी डिज़ाइनर्स, स्टूडेंट्स, कारीगरों, प्रोफेशनल्स और ज्वैलर्स को एक मंच प्रदान करते हुये सम्मानित किया जाता है। इस पहले वर्चुअल ज्वैलरी अवार्ड समारोह को दर्शकों ने दिसंबर 2020 को फेसबुक और यूट्यूब पर लाइव देखा।



इस प्रतियोगिता की थीम 'कलर्स ऑफ रॉयलिटी - एमरल्ड एंड रूबी' थी जिसमें 22 विभिन्न श्रेणियाँ थी। यह वर्चुअल इवेंट एक रंगारंग ऑनलाइन अवार्ड समारोह था जहां उभरते ज्वैलरी ब्रांड्स को अपनी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।



विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त हुई प्रविष्टियों (एंट्रीज़) को ज्वैलरी क्षेत्र के जाने-माने दिग्गजों के जज पैनल द्वारा विभिन्न नज़रिये से परखा गया। पहले वर्चुअल ज्वैलरी अवार्ड का सफल आयोजन करते हुये JEA ने एक नई पहल की है। जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री मिस फातिमा सना शेख और मिस श्वेता त्रिपाठी शर्मा इस रंगारंग शाम के विशिष्ट अतिथि थे।

# विजेताओं की सूची

| | |
|---|---|
| 1. बैस्ट डायमंड रिंग ऑफ द ईयर | बिरधीचंद घनश्यामदास, जयपुर |
| 2. बैस्ट एमरल्ड रिंग ऑफ द ईयर | संस्कृति ज्वैल्स, मुंबई |
| 3. बैस्ट रूबी रिंग ऑफ द ईयर | केनरीज ज्वैलरी, जयपुर |
| 4. बैस्ट पोल्की रिंग ऑफ द ईयर | स्पर्श ज्वैलर्स, मुंबई |
| 5. बैस्ट असेसरी ज्वैलरी ऑफ द ईयर | एंशाइन, सूरत |
| 6. बैस्ट डायमंड बैंगल/ब्रेसलेट ऑफ द ईयर | ओपीएच ज्वैलर, दिल्ली |
| | ओसम स्पार्कलर्स, सूरत |
| | केनरीज ज्वैलरी, जयपुर |
| 7. बैस्ट एमरल्ड बैंगल/ब्रेसलेट ऑफ द ईयर | संस्कृति ज्वैल्स, मुंबई |
| 8. बैस्ट रूबी बैंगल/ब्रेसलेट ऑफ द ईयर | एमआरके ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर |
| | केनरीज ज्वैलरी, जयपुर |
| 9. बैस्ट पोल्की बैंगल/ब्रेसलेट ऑफ द ईयर | मोतीसंस ज्वैलर्स, जयपुर |
| 10. बैस्ट डायमंड ईयररिंग्स ऑफ द ईयर | बिरधीचंद घनश्यामदास, जयपुर, |
| | केनरीज ज्वैलरी, जयपुर |
| 11. बैस्ट एमरल्ड ईयररिंग्स ऑफ द ईयर | एंजल जेम्स, जयपुर |
| | ज्वैल सागा, जयपुर |
| 12. बैस्ट रूबी ईयररिंग्स ऑफ द ईयर | एंजल जेम्स, जयपुर |
| 13. बैस्ट पोल्की ईयररिंग्स ऑफ द ईयर | चारु ज्वैल्स, सूरत |
| 14. बैस्ट गोल्ड नेकलेस ऑफ द ईयर | हीरालक्ष्मी ज्वैलर्स, मुंबई |
| | सी. कृष्नैया चेट्टी एंड संस प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलुरु |
| 15. बैस्ट डायमंड नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से कम) | मोतीसंस ज्वैलर्स, जयपुर |
| 16. बैस्ट डायमंड नेलकेस ऑफ द ईयर (5 लाख से ऊपर) | चारु ज्वैल्स, सूरत |
| 17. बैस्ट एमरल्ड नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से कम) | ज्वैल पैलेस, जयपुर |
| 18. बैस्ट एमरल्ड नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से ऊपर) | उमराव ज्वैल्स, जयपुर |
| 19. बैस्ट रूबी नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से कम) | रानीवाला 1881, जयपुर |
| 20. बैस्ट रूबी नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से ऊपर) | तारा फाइन ज्वैल्स, मुंबई |
| 21. बैस्ट पोल्की नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से कम) | उमराव ज्वैल्स, जयपुर |
| 22. बैस्ट पोल्की नेकलेस ऑफ द ईयर (5 लाख से ऊपर) | बिरधीचंद घनश्यामदास, जयपुर |





DIAMOND RING
**Agarwal & Company**

# ट्रेंडी अफेयर्स

जवाहरात की रंगीन दुनिया से हम लेकर आए हैं आपके लिए कुछ उत्कृष्ट आभूषण व रत्न जो आपका मन मोह लेंगे.



POLKI NECKLACE
**MRK Jewels**



POLKI EARRINGS
**Agarwal & Company**



EMERALD EARRINGS
**Motisons Jewellers**



EMERALD NECKLACE
**Nafees Fine Jewellery**



RUBY BANGLES
**Beauty Gems & Jewellery**



RUBY NECKLACE
**C. Krishniah Chetty & Sons**



DIAMOND RING
**Nafees Fine Jewellery**



DIAMOND EARRINGS
**Sanskriti Jewels**



EMERALD EARRINGS
**C. Krishniah Chetty & Sons**



DIAMOND EARRINGS
**Enshine**



ACCESSORY
**Kiran Gems & Jewellery**



ACCESSORY
**Jewels Park**



EMERALD EARRINGS
**Sanskriti Jewels**



DIAMOND NECKLACE
**Nafees Fine Jewellery**



POLKI NECKLACE
**Raniwala 1881**



RUBY EARRINGS
**Angel Gems**



RUBY PENDANT
**Angel Gems**



DIAMOND EARRINGS
**Canarys Jewellery**



TEMPLE JEWELLERY
**Jaipur Ratna**



DIAMOND EARRINGS
**Pratharv Jewelz**



BRACELET
**Pratharv Jewelz**



DURBAR COLLECTION
**Birdhichand Ghanshyamdas**

POLKI EARRINGS
**C. Krishniah Chetty & Sons**





CURL-O-PETALO RING
**Savio Jewellery**

ROSE CUT DIAMOND &
EMERALD EARRINGS
**Royal Gems & Jewels**





JADAU STUDDED WITH
DIAMOND POLKIS
RUBIES & EMERALD
**Valentine Jadau**

POLKI EARRINGS WITH
UNCUT DIAMONDS
**Achal Jewels**





TOURMALINE SMOOTH TUMBLE
**National Facets**



MORGANITE PRECISION
CUT STONES
**Lunawat Gems**



PINK SAPPHIRE RING
**Gem Plaza**



CNC CARVED HORSE ON
TURQUOISE GEMSTONE
**Lunawat Gems**



ROUGH EMERALD
**Mukesh Vijay**



EMERALD
**Nakshatra Gems**

EMERALD BANGLE
**Sanskriti Jewels**





EMERALD TUMBLE BEADS
**Ramnarain & Co.**



EMERALDS
**CI Bogota**



BLUE TOPAZ
**RMC**



RUBELLITE
**RMC**



HALF BANGLE
**Valentine Jewellery Pvt. Ltd**

EMERALDS
**CI Bogota**



ROUGH EMERALD
**CI Bogota**





# Q&A

हमने डायमंड टॉक की प्रसिद्ध डिजिटल क्रिएटर से ब्लोगिंग से जुड़ी बारीकियों के बारे में बात की.... **प्रसिद्ध ब्लॉगर, रेनू चौधरी!**

# रेनू चौधरी

**प्र. आपका सफर कैसे शुरू हुआ?**

उ. जब जुनून और समर्पण मिलते हैं, तो कुछ ना कुछ अच्छा होता है। यही जुनून था जो मुझे इन्स्टाग्राम पर 'द डायमंड टॉक' और जेम्स और ज्वैलरी के डिजिटल माध्यम को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट बनाने की ओर खींच ले गया। मुझे डायमंड का बिज़नेस एक विरासत के रूप में मिला, हमारी चार पीढ़ियाँ इस व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। मैं अपने पुश्तैनी शहर जयपुर की समृद्ध एवं वैभवशाली विरासत से प्रभावित और प्रेरित रही हूँ।

मैंने जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका (न्यूयॉर्क) से डायमंड में ग्रेज्युएशन किया और डायमंड मैन्युफ़ेक्चरिंग कंपनियों में अपने व्यवसायिक सफर की शुरुआत की। यहाँ मैंने 1 कैरट साइज के सर्टिफाइड और नॉन-सर्टिफाइड डायमंड्स की सेल्स और मार्केटिंग का काम संभाला। मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे कई प्रतिष्ठित ज्वैलरी डिज़ाइन अवार्ड्स को जज करने का अवसर मिला। कई ट्रेड शोज में विजिट करने और बोत्सवाना में डी बियर्स डायमंड माइंस में विजिट करने का भी अवसर मिला। कई



डेविड मोरिस की डिज़ाइन

सेमीनार और इवेंट्स में अतिथि वक्ता (गेस्ट स्पीकर) के रूप में भी मुझे आमंत्रित किया गया।

मेरा हमेशा से जुनून रहा कि मैं दुनिया भर में फैली अपनी डिजिटल फैमिली के लिए सूचनाप्रद, मूल्यवान और शिक्षाप्रद कंटेन्ट तैयार करूँ। मैंने 2018 से अब तक कई जाने-माने डिज़ाइनर्स और दुनिया भर के ज्वैलरी व ऑक्शन हाउसेज के साथ रूबरू होते हुये इन्स्टाग्राम लाइव किया है।



मिकीमोटो की डिज़ाइन

**प्र. आपके अनुसार मार्केटिंग के ये ऑनलाइन माध्यम ज्वैलरी क्षेत्र के लिए कितने प्रभावी हैं?**

उ. जब बात आती है जैम्स और ज्वैलरी में निवेश की, तो ग्राहक प्रोडक्टस के प्रति पूर्ण संतुष्टि चाहते हैं। चूंकि इस समय आने-जाने पर प्रतिबंध है, ऐसे में विभिन्न ऑनलाइन सोशियल मीडिया चैनल्स विक्रेताओं के लिए ग्राहकों को अपना प्रॉडक्ट दिखाने के लिए मददगार हैं। इन माध्यमों से विक्रेता फोटो, विडियो और वर्च्युअल स्टोरी टेलिंग माध्यमों से अपनी डिज़ाइन की सुंदरता, प्रेरणा और प्रॉडक्ट के आइडिया से उसके बनने तक का सफर, ये सब अच्छे से बता पाते हैं, इससे उनका ग्राहकों के साथ ज़्यादा बेहतर जुड़ाव हो पाता है। इस प्रक्रिया द्वारा ग्राहक को पूर्ण संतुष्टि एवं विश्वास दिलाया जाता है।

उदाहरण के तौर पर, मैंने अपने इंस्टाग्राम लाइव टॉक में Christies, Sotheby's, Bonham's, और Fortuna ऑक्शन जैसे बड़े ऑक्शन हाउसेज से उनकी आने वाली सेल और प्रदर्शित की जाने वाली ज्वैलरी के बारे में चर्चा की, इससे लोगों की दिलचस्पी उनके प्रॉडक्ट्स में बढ़ी और उनकी वेबसाइट पर प्रॉडक्ट्स की जानकारी लेने वाले विजिटर्स की संख्या में अच्छा खासा इजाफ़ा हुआ।



चोपार्ड
काँस रेड कार्पेट ज्वैल्स

**प्र. बिज़नेस को बढ़ाने और कस्टमर के निर्णय को प्रभावित करने में इन्फ़्लुएंसर्स की क्या भूमिका है?**

उ. सबसे पहले यह समझना ज़रूरी है कि इन्फ़्लुएन्सर मार्केटिंग है क्या? इन्फ़्लुएन्सर मार्केटिंग में किसी व्यक्ति को उस क्षेत्र में उसके ज्ञान एवं अनुभव के कारण एक विशेषज्ञ के रूप में पेश किया जाता है और किसी दिये गए विषय के इर्द-गिर्द बातचीत को आगे बढ़ाया जाता है।

ये इन्फ़्लुएंसर्स ईमानदारीपूर्ण, सूचनात्मक और बेहतरीन कंटेन्ट के कारण दर्शकों की नज़रों में सम्मानित और विश्वसनीय होते हैं, इसलिए इनके सोशियल मीडिया चैनल्स पर अपने प्रॉडक्ट को फीचर करना विक्रेताओं के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे आपका प्रॉडक्ट भांति-भांति के लोगों को दिखाई देता है, आपकी ब्रांड इमेज बनती है, उसमें इजाफ़ा होता है और आपका प्रॉडक्ट एक विशेष टार्गेटेड़ ओडियन्स तक पहुंचता है।

डी बियर्स



इसके अलावा, एक इन्फ़्लुएन्सर की मदद से गिवअवे कॉन्टेस्ट करने से लोगों का ध्यान आपके प्रॉडक्ट पर जाता है और व्यापार में नई संभावनाएं पैदा होती हैं। मीडियाकिक्स (Mediakix) की एक स्टडी के अनुसार 89% विक्रेता अन्य मार्केटिंग माध्यम के बजाय इन्फ़्लुएन्सर मार्केटिंग से तुलनात्मक निवेश पर ज़्यादा मुनाफ़ा पाते हैं।

**प्र. अब तक आपका अनुभव कैसा रहा है?**

उ. पिछले तीन वर्षों में, मैंने अपनी डिजिटल फैमिली के लिए बेहतर सूचना प्रदान करने और मूल्यवान कंटेन्ट के लिए कड़ी मेहनत की। मैंने कई ट्रेड शोज, न्यूयॉर्क में Christies ऑक्शन हाउस, बोत्सवाना में डायमंड की खान का विजिट किया और इन्स्टाग्राम पर लाइव बातचीत की; इनमें से भारत के कुछ शाही परिवारों जैसे बड़ौदा की माननीया राधिका राजे और कपूरथला के माननीय सुखजीत सिंह से बातचीत की, इन शाही परिवारों की सोच एवं विचारों को सभी के साथ साझा (शेयर) किया। इसके अलावा, मैंने जिन लोगों के साथ काम किया, उनमें बुलगारी के गिआम्पाओलो, ऑस्कर हेमैन के टॉम हेमैन, जैकब एंड कंपनी, आदि कुछ खास नाम हैं।

# ट्रेड टॉक





## अनिल बिंद्रानी और निखिल जैन के साथ

जैम्स एंड ज्वैलरी जगत के दिग्गज लोगों से बातचीत हमें एक नई राह दिखाती है और हम यह जानने में सक्षम हो पाते हैं कि हमारी इंडस्ट्री में अभी क्या चल रहा है और क्या किए जाने की आवश्यकता है। विनायक ज्वैल्स के अनिल बिंद्रानी और निखिल जैन ने हमसे बात करते हुये इसी पर प्रकाश डाला।

**प्र. कृपया अपनी कंपनी के बारे में बताइये। आपकी विशेषता क्या है और आपकी भूमिका इसमें क्या रहती है?**

उ. दुनिया के बड़े डिज़ाइनर्स और ब्रांड्स के लिए ज्वैलरी बनाने के साथ ही हम उचित कीमत पर आमजन के लिए ज्वैलरी निर्माण कर रहे हैं। विनायक ज्वैल्स में हम क्वालिटी, कंसिस्टेंसी और कमिटमेंट के मूलमंत्र पर काम करते हैं। ग्राहक के विश्वास पर हम 100% खरे हैं और हमें यह बताते हुये खुशी है कंपनी ने RJC, Sadex, ISO और स्टार एक्सपोर्ट हाउस जैसे कई सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं। एक लीडर वो होता हैं जो रास्ता जानता हैं, रास्ते पर चलता हैं और रास्ता दिखाता हैं।

**प्र. आपकी फैक्ट्री सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में है। वहाँ वर्क एनवायर्नमेंट कैसा है?**

उ. कोरोना की पहली लहर के दौरान, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया सबसे पहले खुलने वाला और कार्य संचालन शुरू करने वाला औद्योगिक क्षेत्र है और दूसरी लहर में, ज़ोन को फैक्ट्रियों के संचालन की पूरी तरह अनुमति है। इस कारण हम ग्राहकों को माल एक्सपोर्ट करने में सफल रहे।

- सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में श्रमशक्ति की उपलब्धता एक बड़ा फायदा है। हर क्षेत्र के लिए यहाँ कर्मचारी आसानी से उपलब्ध हैं।
- 400 लोग लगातार पूरे ज़ोन में निगरानी और सुरक्षा

करते हैं और इसे सुरक्षित बनाते हैं।

- अंतर्राष्ट्रीय कस्टमर ऑडिट के दौरान, ऑडिटर्स को यह देखकर खुशी होती है कि सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में औद्योगिक नियमों और दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन होता है।

**प्र. सिल्वर/गोल्ड ज्वैलरी में क्या नए ट्रेंड्स आने वाले हैं?**

उ. हमारा मानना है कि इस साल Layered ज्वैलरी ट्रेंड में है, चार्म्ज़ के साथ बड़े फैलाव वाले Multi Layered पीसेस से लेकर पतली चेन तक बेहद फ़ैशन में है। ज्वैलरी की वेल्यू के साथ ही अब ट्रेंड, स्टाइल और डिज़ाइन पर भी लोग खासा ध्यान देने लगे हैं। इसी कारण से, बेस मैटल की ज्वैलरी भी सिल्वर/गोल्ड ज्वैलरी की तरह ही लोगों को आकर्षित कर रही है। नए ब्रांड्स जो इस नए ट्रेंड को समझ रहे हैं वो अच्छा काम कर रहे हैं।

**प्र. क्या महामारी के बाद सोने की ज्वैलरी की मांग बढ़ी है?**

उ. महामारी के दौरान गोल्ड ज्वैलरी की मांग में अच्छी ख़ासी गिरावट आई थी। लेकिन, अब मांग 37% तक बढ़ गई है। त्योंहारों का समय और आने वाले शादी के सीजन को देखते हुये आशाएँ जगी हैं।

**प्र. क्या आपको लगता है कि इस साल के अंत तक जयपुर के ज्वैलरी क्षेत्र में बड़ी ग्रोथ होगी?**

उ. हमें इस साल ज्वैलरी सैक्टर में बड़ी ग्रोथ की उम्मीद है। नई पीढ़ी ज्वैलरी को अपनी पहचान के रूप में देखती है न कि सिर्फ असेसरी के रूप में इसके महत्व को। इंफ्लुएंसर्स द्वारा एक ऐसा मार्केट तैयार किया गया है जहां लोग खरीदना, पहनना और अच्छा महसूस करना चाहते हैं। ज्वैलरी एक असेसरी है न कि संपत्ति।

**प्र. वर्तमान बाज़ार परिदृश्य को देखते हुये आप जयपुर के ज्वैलर्स को क्या सलाह और सुझाव देना चाहेंगे?**

उ. सबसे ज़रूरी है प्रासंगिक (ग्राहक के पसंद की) चीज बनाना। एक इंडस्ट्री के रूप में आगे बढ़ते रहना चाहिए, अपने आसपास देखना चाहिए और ऐसी चीजें बनानी चाहिए की दुनिया हमारा अनुसरण करे। यदि कोई व्यक्ति किसी क्षेत्र में पारंगत या कुशल नहीं है तो हमें भागीदारी और अधिग्रहण पर ध्यान देकर अपनी कुशलता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

सीतापुरा, जयपुर स्थित विनायक ज्वैल्स की फैक्ट्री






# जैमफील्ड्स का जयपुर दौरा

## प्रदर्शनी और नीलामी

**रंगीन रत्नों की माइनिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में जैमफील्ड्स एक प्रतिष्ठित नाम है। विशेष रूप से जाम्बियन पन्ना और मोजाम्बिक माणक की प्रदर्शनी-नीलामी आयोजित करने में एक मार्केट लीडर है।**



जैमफील्ड्स के प्रॉडक्ट एंड सेल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एड्रीयन बैंक्स, ज़ाम्बिया की 'काज़ेम पन्ना माइन' की बेहतरीन कमर्शियल क्वालिटी के पन्ना (एमरल्ड) रफ़ की एक्ज़िबिशन एवं नीलामी के लिए जयपुर आए थे। इस नीलामी का आयोजन 28 जुलाई से 10 अगस्त 2021 तक किया गया। पन्ना के व्यवसाय से जुड़े 45 से अधिक अनुभवी और क्रियाशील व्यवसायिओं ने इसमें रुचि दिखाई और 718 किलो पन्ने की रफ़ को जांच परख कर मूल्यांकन किया।

कोविड-19 के कारण, जैमफील्ड्स को भारत, इज़राइल, थाईलैंड जैसे देशों में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में चुनौती का सामना करना पड़ा। दुनियाभर में ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए जैमफील्ड्स द्वारा एक्ज़िबिशन एवं नीलामी का आयोजन किया गया। जयपुर में ही मार्च-अप्रैल 2021 में आयोजित एक्ज़िबिशन एवं नीलामी में उच्च स्तरीय (प्रीमियम क्वालिटी) पन्ना एवं सभी प्रकार के माणक के कच्चे माल का प्रदर्शन किया गया।

श्री बैंक्स ने पिछले 10 साल में पन्ने की खरीददारी और नीलामी के लिए अपने जयपुर आने के अनुभव पर बात की। उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीने में यह उनकी तीसरी यात्रा है और वे यहाँ हर तरह के पन्ने की मांग को देखकर बहुत खुश हैं, चाहे वह प्रीमियम ग्रेड पन्ना हो या फिर कमर्शियल ग्रेड। रत्नों की तैयारी (कटिंग और पोलिशिंग) के लिए जयपुर का विश्व में महत्वपूर्ण स्थान है। इसकी अपनी एक ख्याति है और आभूषणों की गढ़ाई भी पिछले कुछ सालों में ज़्यादा बेहतर हुई है। जयपुर पन्ना और माणक का भी एक बड़ा केंद्र है और जैमफील्ड्स आने वाले सालों में भी जयपुर से अपना ये जुड़ाव जारी रखेगा।

श्री बैंक्स ने बताया कि जाम्बिया पन्ने की कटिंग और पोलिशिंग में जयपुर नि:सदेह विश्व में अग्रणी हैं। जयपुर से उनका नाता 20 साल पुराना है, इस दौरान उन्होंने जयपुर के बिज़नेस हाउसेज को आगे बढ़ते और ज़्यादा प्रोफेशनल होते देखा है।



## आवेदन/भागीदारी की शर्तें



जैमफील्ड्स सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी (**JSE** और **AIM**) है और कंपनी अपनी नीलामी में ऐसे प्रतिष्ठित आवेदकों को आमंत्रित करती है जिन्होंने अपनी मेहनत से खुद को इंडस्ट्री में स्थापित किया है। कंपनी द्वारा आयोजित नीलामी पारदर्शी होती हैं और पिछली नीलामी की जानकारी व परिणाम www.gemfieldsgroup.com पर विजिट कर के देखे जा सकते हैं।

पन्ने और माणक रफ की नीलामी में नयी इच्छुक ख़रीददार कंपनियों को शामिल करने के जैमफील्ड्स के निम्न मापदंड हैं।

- आवेदक कंपनी/फर्म किसी भी प्रतिष्ठित जैम एंड ज्वैलरी काउंसिल में रजिस्टर होनी चाहिए, जैसे कि ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर, जैम्स एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल, इन्टरनेशनल कलर्ड जैमस्टोन असोसिएशन।
- आवेदक सक्रिय रूप से जैमस्टोन की अच्छी गुणवत्ता की कटिंग और पोलिशिंग का काम करता हो, जिसका जैमफील्ड द्वारा प्रमाणन के लिए निरीक्षण किया जाएगा।
- आवेदक कंपनी/फर्म द्वारा किसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जैम्स एंड ज्वैलरी शो में कलर्ड जैमस्टोन निर्माता के रूप में भाग लिया हुआ होना चाहिए।
- आवेदक को अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति और पूर्व में रफ जैमस्टोन की खरीद का प्रमाण देना होगा।




# पन्ना नीलामी



## पन्ने की नीलामी की जानकारी के लिए, फ्यूरा (FURA) जेम्स के देव शेट्टी से बात की .



**प्र. क्या आप हमें हालही में हुई नीलामी के बारे में बता सकते हैं?**

उ. फ्यूरा जेम्स ने कोलम्बियाई पन्ने की वार्षिक नीलामी इस साल दुबई, यूएई में 2 से 7 मार्च तक और बोगोटा, कोलम्बिया में 15 से 19 मार्च तक आयोजित की। हमने 115,000 कैरेट पन्ने को एक्ज़िबिट किया जिसमें 104 कैरेट के 4 दुर्लभ पन्ने भी शामिल हैं। जयपुर, न्यूयॉर्क, जर्मनी, हाँग-काँग और बोगोटा की 65 से ज़्यादा कंपनियों ने इस नीलामी में भाग लिया। नीलामी में हम 34 में से 33 पार्सल विक्रय करने में सफल रहे।

**प्र. नीलामी में हिस्सा लेने की पात्रता की शर्तें क्या हैं और ज्वैलर्स आपसे किस तरह जुड़ सकते हैं?**

उ. पन्ने की कटाई और वितरण से जुड़ी हर कंपनी नीलामी में भाग ले सकती है। हम अग्रणी डायमंड ब्रोकिंग कंपनी बोनास के साथ काम करते हैं, जो कि संभावित ग्राहक की केवाईसी (KYC) करती है। इसके अलावा हम कटिंग और पोलिशिंग की सुविधा, वितरण नेटवर्क, बाज़ार में प्रतिष्ठा और वित्तीय सक्षमता जैसी चीजें भी देखते हैं। हम (फ्यूरा जेम्स) रफ स्टोन (कच्चे माल) की नीलामी, रत्न निर्माता कंपनियों को ही करते हैं हम उन व्यापारियों को नीलामी में शामिल नहीं करते जो ग्राहकों को सीधे आभूषण विक्रय करते हैं। कोई भी कंपनी जो भविष्य में होने वाली नीलामियों में भाग लेना चाहती है वो हमें info@furagems.com पर मेल कर सकती हैं, हम उन्हें आवश्यक जानकारी भेज देंगे।

**प्र. कोई ऑफर है जिसका ज्वैलर्स खरीद या विक्रय में फायदा उठा सकते हैं।**

उ. हमने फ्यूरा मार्केटिंग काउंसिल (FMC) की स्थापना की है जो कि रफ से लेकर रिटेल तक हर प्रक्रिया में मदद करती है। एफ़एमसी (FMC) ने अगस्त के अंत में वेगास में होने वाले JCK शो में भी आधिकारिक पदार्पण किया हैं। एफ़एमसी अभी यूएसए, भारत, मध्य पूर्व और ऑस्ट्रेलिया में ट्रेड मेंबर्स के साथ काम कर रही है। हमारी इस पहल के बारे में ज़्यादा जानकारी के लिए ज्वैलर्स एफ़एमसी की वेबसाइट (www.fmcgems.com) पर विज़िट कर सकते हैं।



FURA ने 16-20 अगस्त तक जयपुर में माणक (Ruby) की नीलामी का आयोजन किया।

# दो समृद्ध विरासतों का मिलन

## हैदराबाद और जयपुर

अगर हैदराबाद और जयपुर की समानता की बात करें तो ये दोनों ही शहर राजसी गौरव और रत्नाभूषणों  के कद्रदान एक अभिजात्य वर्ग के लिए जाने जाते हैं।

दो शहर, दो साम्राज्य और दोनों के बीच की अनंत कथाओं ने इतिहास का ऐसा अध्याय लिखा है जो आज एक समृद्ध विरासत है। हैदराबाद और जयपुर केवल अपनी विरासत के लिए ही नहीं बल्कि अपने लज़ीज़ खाने के लिए भी जाने जाते हैं, चाहे वो हैदराबादी बिरयानी हो या फिर दाल बाटी चूरमा। इन दोनों शहरों की सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विरासत दुनियाभर के ट्रेवलर्स को अपनी ओर आकर्षित करती है जो अपने साथ यादों का पिटारा लेकर जाते हैं।

हमने ज्वैलरी के क्षेत्र में हमारे हैदराबाद के कुछ साथियों को गहराई से समझने और जयपुर से उनके जुड़ाव के बारे में जानने की कोशिश की है।

# नितिन कृष्णदास

## कृष्णदास एंड कंपनी



बैठे हुये: कृष्णदास
बाएँ: प्रशांत कृष्णदास
दाएँ: नितिन कृष्णदास

**प्र. आपकी कंपनी के बारे में ...**

कृष्णदास एंड कंपनी 145 सालों से इस बिज़नेस में है। ये हमारी चौथी पीढ़ी है जो हमारी विरासत को आगे बढ़ा रही है। इस कंपनी को आगे बढ़ाने में मेरे पिता कृष्णदास और मेरे भाई प्रशांत कृष्णदास की बड़ी भूमिका रही है। हमारी कंपनी ने दुर्लभ, ओरिजनल और एक्सक्लूसिव ज्वैलरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता कायम की है। अपनी उसी गुणवत्ता को जारी रखते हुये, हमारा ज्वैलरी हाउस ग्राहक के विश्वास का पर्याय बन गया है।



**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या है?**

सबसे बड़ी विशिष्टता यह है कि हमारे आभूषणों की नकल नहीं की जा सकती है क्योंकि हमारी डिजाइन की सबसे खास बात है रत्न और इसकी दुर्लभता। कृष्णदास एंड कंपनी के किसी भी पीस को उसकी डिज़ाइन की गहराई और रत्न की गुणवत्ता से अलग पहचाना जा सकता है,और हमने बरसों से इस गुणवत्ता का संरक्षण किया है। हम हमारे कलर्ड स्टोन ज्वैलरी और साथ ही जड़ाऊ ज्वैलरी के लिए जाने जाते हैं। हमारी जड़ाऊ ज्वैलरी निज़ाम की ज्वैलरी और डेक्कन स्टाइल से प्रेरित है।

**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कितना पुराना है?**

जयपुर से हमारा जुड़ाव करीब 70 साल पुराना है। मेरे पिताजी फाइन जैम स्टोन खरीदने के लिए जयपुर आया करते थे। हमारे यहाँ के साथियों से हमारा जुड़ाव पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता जा रहा है। जड़ाऊ और कुन्दन ज्वैलरी के लिए मैं अभी भी उन ज्वैलरी हाउसेज से संपर्क में हूँ जिनके साथ मेरे पिताजी बिज़नेस किया करते थे। आगे भी यह सिलसिला अनवरत चलता रहेगा।

# मंथन देव चंद शाह

## श्री राज ज्वैलरी



**प्र. आपकी कंपनी के बारे में....**

हमारी फर्म श्री राज ज्वैलरी की स्थापना 2004 में हुई थी, इस क्षेत्र में हमारा सफर वर्ष 1996 से श्री राज पर्ल्स के रूप में शुरू हुआ। पिछले लगभग 25 सालों से हमारी प्रतिष्ठा इस क्षेत्र में कायम है।



**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या रही है?**

हम मुख्य तौर पर पन्ने और हीरे (एमरल्ड और डायमंड) के लिए जाने जाते हैं। हमारी शुरुआत से ही, हमने उच्च-स्तरीय जैम स्टोन और जैम स्टोन ज्वैलरी में एक विश्वसनीय नाम कमाया है।

**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कितना पुराना है?**

जयपुर से हमारा नाता दो दशक पुराना है। हम 2002 से हमारी ज्वैलरी के लिए मध्यम स्तर के मूल्यवान रत्न जयपुर से खरीदते आए हैं। इन दिनों, हम ज़ाम्बियन पन्ने की पूरी खरीददारी जयपुर से ही कर रहे हैं।

# विजय कुमार विट्ठलदास

## विट्ठलदास झावेरी

**प्र. अपनी कंपनी के बारे में...**

विट्ठलदास झावेरी एक ऐसा नाम है जो सन् 1864 से दुनिया में जेम्स और ज्वैलरी का पर्याय रहा है। हम एक ऐसा ब्रांड हैं जो प्राचीन हाथ की गढ़ाई की परंपरा को भी आगे बढ़ा रहा है, साथ ही मॉडर्न कस्टमर्स की पसंद के प्रति भी हम जागरूक हैं। इस दिशा में, हम मशीन से बनी सुंदर और बेहतरीन ज्वैलरी की अद्भुत श्रंखला भी पेश करते हैं।

हमारे संस्थापक विट्ठल दास झावेरी दूरदर्शी सोच के धनी थे। उन्हें निज़ामों और राजाओं के निजी सलाहकार के रूप में काम का बरसों का अनुभव था और सुंदरता की पराकाष्ठा तक चीज को पहुंचाने में वे माहिर थे। सालों से, ये परम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जा रही है और एक समृद्ध विरासत में बदल रही है। हमारे संस्थापकों की परंपरा और विश्वास को कायम रखते हुये, आज हम समकालीन नई पीढ़ी की मांग को पूरा करने के लिए डिजाइन के क्षेत्र में कम्प्यूटर तकनीक का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।



**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या रही है?**

विट्ठलदास झावेरी के गहने भारतीय गढ़ाई और बनावट को एक ऊंचाई दे रहे



हैं। हमारे फाइन ज्वैलरी पीस हाथ से निर्मित हैं जिनमें  बारीकी का ध्यान रखा गया है और यह ब्रांड की एक अमिट छाप है जो अपनी डिजाइन की सुंदरता से हमारे ग्राहकों के वर्तमान को सुशोभित करता है और पीढ़ियों तक उनके आने वाले कल का हिस्सा बन जाता है।

**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कब से है?**

हमारा गुलाबी नगरी से जुड़ाव करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है, जब हमने जेम्स और ज्वैलरी व्यवसाय की शुरुआत की थी। लेकिन मैं कहना चाहूँगा कि जयपुर से हमारा नाता ऐतिहासिक रहा है। जयपुर विभिन्न प्रकार के आभूषणों के लिए व्यापार का एक प्रमुख केंद्र रहा है - पारंपरिक कुंदन और मीनाकारी डिजाइन से लेकर फ्यूजन क्रिएशन तक यह अनेकों युगों और शैलियों को समाहित करता है। वर्षों से हमने जयपुर के व्यापारियों के साथ एक मजबूत संबंध बनाया है जो कि एक बेहतर आपसी संपर्क और व्यापार के लिए हैदराबाद आते हैं। वर्तमान में, जयपुर न केवल हमारा आभूषण निर्माण का केंद्र है, बल्कि रंगीन रत्नो का एक प्रमुख गढ़ है।

# संजय गुप्ता

## तिबारुमल्स ज्वैलर्स



**प्र. आपकी कंपनी के बारे में...**

हमारा ब्रांड संजय गुप्ताज तिबारुमल्स अनुभवी शिल्पकारी, बेहतरीन गुणवत्ता और रचनात्मकता का पर्याय है। हमारी कोशिश हमेशा कुछ नया और सुंदर डिजाइन बनाने की होती है जिसमें बरसों पुरानी बात भी हो और नयापन भी हो, वो युवाओं को भी पसंद हो तो बुज़ुर्गों को भी पसंद हो। संपूर्णता के प्रति हमारे समर्पण से हमें बेहतरीन रत्न चुनने में मदद मिलती है। हमारा हर पीस हमारे दिल के एकदम करीब होता है। हमारी कंपनी की स्थापना वर्ष 1925 में हमारे दादाजी तिबारूमल जी ने की थी।

**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या है?**

मैं कहना चाहूँगा कि यह एक कविता की तरह है और प्रकृति की सुंदरता से प्रेरित है। हमारी डायमंड और कुन्दन ज्वैलरी ग्राहकों की पहली पसंद है। हम पूरा कलेक्शन इन-हाउस ही बनाना पसंद करते हैं। डिज़ाइन की कल्पना से लेकर, रत्न चुनना, गढ़ना और फिनिशिंग सब हम हमारी क्रिएटिव नज़रों से करते हैं।

**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कब से है?**

महेंद्रगढ़ से ताल्लुक होने के कारण जयपुर से हमारा सांस्कृतिक नाता बरसों पुराना है। इस संस्कृति को फिर से जीवन्त करने के लिए हम अक्सर खूबसूरत जयपुर शहर में आते रहते हैं।



# नवीन सांघी

## एल. बजरंग प्रसाद ज्वैलर्स

**प्र. आपकी कंपनी के बारे में...**

लगभग एक शताब्दी की विरासत के साथ, एल. बजरंग प्रसाद ज्वैलर्स ज्वैलरी ट्रेड के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम है। हम अपनी डायमंड, गोल्ड और पारंपरिक जड़ाऊ आभूषणों की एक्सक्लूसिव श्रंखला के लिए जाने जाते हैं। हमारी कंपनी ने राज परिवारों और सेलेब्रिटीज जैसे बड़े ग्राहकों के लिए काम करते हुये इस क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। हमारी चार पीढ़ियाँ यह काम करती आ रही हैं, आज मेरे भाई राजेश सांघी और मैं सुंदर आभूषण निर्माण की इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या रही है?**

हमारी फर्म की मुख्य विशेषता बेहतरीन गुणवत्ता कायम रखते हुये, हर कलेक्शन को हाथ की बेहतरीन गढ़ाई के साथ तैयार करना है। हमारी फर्म डायमंड, कुन्दन, जड़ाऊ, गोल्ड और पाची वर्क के सुंदरतम आभूषणों में दक्ष है। लगभग सौ साल तक मुख्य बाज़ार में रहने के बाद हमने अपने स्टोर को कुछ साल पहले बंजारा हिल्स में स्थापित किया है। हमारे क्लाइंट्स ही हमारी ताकत हैं जिसके दम पर हमने हमारे कांसेप्ट स्टोर को छोड़कर ऑफबीट ज्वैलरी डिजाइन तक जाने का निर्णय लिया है।



बैठे हुये: नवीन सांघी
खड़े हुये: राजेश सांघी

**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कब से है?**

हैदराबाद और जयपुर दोनों भारत के बड़े आभूषण केंद्र हैं। जयपुर से हमारा जुड़ाव लगभग दो दशक पहले शुरू हुआ जब हम ज्वैलरी के क्षेत्र में विभिन्न ट्रेंड, डिजाइन और शहरों को तलाश रहे थे। जयपुर ज्वैलरी, संस्कृति और विरासत की एक अनुपम धरोहर है।




अवार्ड विनिंग, खास तरह का डिज़ाइनर स्टोर - एल. बजरंग प्रसाद ज्वैलर्स, बंजारा हिल्स, हैदराबाद

# अखिलेश अग्रवाल

## श्री कृष्णा ज्वैलर्स, हैदराबाद



**प्र. आपकी कंपनी के बारे में...**

श्री कृष्णा ग्रुप (SKG) ज्वैलरी, ट्रेडिंग, रियल-एस्टेट, निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट, अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, सेज़ (SEZ) ओप्रेशंस, पर्यावरण देखभाल जैसे क्षेत्रों में एक प्रतिष्ठित नाम है। ज्वैलरी निर्माण ग्रुप का एक मुख्य बिज़नेस है और 5 महाद्वीपों के करीब 15 से ज़्यादा देशों में ग्रुप ने अपनी प्रतिष्ठा कायम की है। ग्रुप के हैदराबाद, मिशिगन और टेक्सास, अमेरिका में रिटेल ज्वैलरी स्टोर हैं जिनके 70,000 से ज़्यादा ग्राहक हैं। कंपनी की भारत, हाँग-काँग और थाईलैंड में निर्माण इकाइयां हैं।

एक अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका SKG ग्रुप उच्च गुणवत्ता वाली कारीगरी, दुर्लभ रत्न और अद्भुत डिजाइन के लिए जाना जाता है। ज्वैलरी बिज़नेस श्री कृष्णा ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड के तहत संचालित किया जाता है- एक फ्लैगशिप कंपनी जिसके देशभर में ज्वैलरी स्टोर्स हैं। पिछले कुछ सालों में, SKG ने हैदराबाद जेम्स एंड ज्वैलरी सेज़ में अपनी इकाई स्थापित की है।

**प्र. आपकी मुख्य विशेषता क्या है?**

एक पारिवारिक व्यवसाय होने के नाते, हैदराबाद के निज़ाम माननीय नवाब मीर ओस्मान अली खान के आधिकारिक जौहरी होना हमारा सौभाग्य रहा है। ग्रुप के चेयरमैन को भारत सरकार द्वारा 'ज्वैलरी वैल्यूअर' नियुक्त किए जाने का गौरव हमें प्राप्त हुआ हैं। आंध्र प्रदेश की सरकार द्वारा श्री कृष्णा ज्वैलर्स को बेहतरीन गुणवत्ता और दुनिया भर में फैले ग्राहक समूह को देखते हुये ज्वैलरी के क्षेत्र में 'बेस्ट एक्सपोर्ट परफ़ोर्मेंस' के सम्मान से नवाजा गया है। इसके अलावा ग्रुप को अपनी गुणवत्ता और बेहतरीन डायमंड कटिंग, कुशल कारीगरी और व्यापार में 100% पारदर्शिता के लिए अनेक अवार्ड्स मिले हैं।



**प्र. जयपुर से आपका जुड़ाव कब से रहा है?**

SKG का जयपुर से नाता 30 साल से ज़्यादा पुराना है। जयपुर से व्यापारिक रिश्ता कुन्दन और पोल्की वर्क के लिए दशकों पुराना है। ग्रुप लगातार इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने, रोज़गार सृजन और आर्थिक गतिविधियां बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

# संभावनाओं से भरे नए जैम स्टोन

**जीजेईपीसी-जेम टैस्टिंग लैब में कई बार टेस्टिंग के लिए कुछ अलग तरह के और कम लोकप्रिय रत्न आते है। आज हम आपको ऐसे ही दो रत्नों के बारे में बताने वाले हैं। इनके नाम हैं रोडोनाइट (Rhodonite )और हिथरोसाईट-परपुराइट (Heterosite-Purpurite) । निकट भविष्य में ये रत्न जयपुर के रत्न व्यापार में लोकप्रिय बन सकते हैं।**

**गगन चौधरी**
एफ जी ए

## ट्रांसपेरेंट रोडोनाइट



चित्र 1. एक असाधारण 14.50ct का ट्रांसपेरेंट लाल रोडोनाइट


रोडोनाइट एक अपारदर्शी रत्न के रूप में जाना जाता है। इसमें मैग्नीज ऑक्साइड की काली धारियाँ होती हैं, और रंग गुलाबी होता है। रोडोनाइट को आमतौर पर बीड्स, पोटे या कार्विंग द्वारा अन्य सजावटी वस्तुओं के रूप में बनाया जाता है।
ट्रांसपेरेंट रोडोनाइट बहुत कम पाए जाते हैं, और यदि पाये भी जाते हैं, तो बड़े साइज़ में और ज़्यादा दुर्लभ होते हैं। कटिंग और पॉलिशिंग मुश्किल होने के कारण फेसेटेड रोडोनाइट तो बहुत ही दुर्लभ है। इस गुण के कारण यह संग्रहालय की शोभा बढ़ाने के योग्य है। टोरंटो के रॉयल ओंटारियो संग्रहालय में एक 10.91 कैरट का फेसेटेड रोडोनाइट प्रदर्शित किया गया था।

रोडोनाइट नाम ग्रीक 'रोडोस' से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'गुलाब', यह इसके गुलाबी रंग से लाल गुलाब के फूल जैसे रंग के होने की वजह से है।
चित्र 1 में जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लैब में देखे गए रोडोनाइट का उदाहरण है। यह असाधारण ट्रांसपेरेंसी, चमकीले लाल से नारंगी-लाल रोडोनाइट का उदाहरण है। इसका वजन 14.50 कैरट है। दिलचस्प बात यह है कि जिसने भी इसका संग्रह किया वो इसकी खूबियों से अनजान था। वह इसे स्पिनल समझ रहा था। हालांकि, जेमोलॉजिकल गुणों के आधार पर,

स्पिनल और रोडोनाइट को आसानी से एक दूसरे से अलग किया जा सकता है।
हालांकि ट्रांसपेरेंट रोडोनाइट कभी भी साफ नहीं होता है और इसमें अक्सर विभिन्न प्रकार के इन्क्लूजन्स रहते हैं। रोडोनाइट की सबसे स्पष्ट और साथ ही चुनौतीपूर्ण विशेषता इसकी परतों की तीन आसान दिशाएं हैं। ये परतें रोडोनाइट को पॉलिश करते समय समस्या पैदा करती हैं। ऐसे में इसे पॉलिश करते समय दबाव के साथ-साथ पॉलिश करने की दिशाओं का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।


PROPERTIES

| | |
|---|---|
| Lustre | Vitreous |
| Hardness | 5.5-6.5 |
| Specific Gravity | 3.57-3.76 |
| Optic Character | Doubly Refractive |
| Refractive Index | 1.711-1.748 |
| Birefringence | 0.013 |
| Pleochroism | Orange to yellowish red to red |



चित्र 2

रोडोनाइट में परतें यहां दो दिशाओं में दिखाई देती हैं, जबकि तीसरी दिशा देखने के लिए तल के समानांतर देखना होगा।



चित्र 3

ट्रांसपेरेंट रोडोनाइट में ट्यूब नुमा इन्क्लूजंस।

**जैम क्वालिटी के क्रिस्टल रोडोनाइट ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, पेरू, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका में पाए जाते हैं।**

# परपुराइट

## एक बेहतरीन सजावटी रत्न



चित्र 4. हेटेरोसाइट-परपुराइट का यह 44.31 कैरट का पोटा अपने बैंगनी रंग की वजह से एक आर्कषण का केंद्र था।

परपुराइट, जैसा कि नाम से ही समझ आता है कि लैटिन परपुरा के नाम पर रखा गया है, जिसका अर्थ है बैंगनी। अपने आकर्षक रंग और सुंदरता के कारण, यदि यह आसानी से उपलब्ध होता, तो बहुत लोकप्रिय होता। आकर्षक बैंगनी रंग के अलावा, परपुराइट चमक का आभास कराता है। यह चमक वैसी ही होती है जैसी कि हमें साटन के कपड़े पर नजर आती है।
चित्र 4 में प्रदर्शित सैंपल, जिसे हाल ही में जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेट्री में देखा गया है। यह आकर्षक रंग और 'साटनी' चमक का एक बेहतरीन उदाहरण है। यह अपने बड़े आकार, व 44.31 कैरट वजन के कारण और ख़ास बन जाता है।

यह रत्न चाओराईट और सुजीलाईट के जैसा लगता है। हालांकि, चाओराईट से जुड़ी विशिष्ट लहरदार धारियाँ परपुराइट में नहीं हैं, जबकि सुजीलाईट इस तरह से कोई ऑप्टिकल प्रभाव प्रदर्शित नहीं करता है। इसलिए, परपुराइट की 'satiny' चमक इसे चाओराईट और सुजीलाईट से अलग करने के लिए एक महत्वपूर्ण विशेषता है। हालांकि सभी परपुराइट साटन चमक प्रदर्शित नहीं करते हैं। ऐसे मामलों में पहचान करने के लिए गहन जेमोलॉजिकल और स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषण की आवश्यकता होती है।

जीजेईपीसी-जीटीएल में की गई स्टडी (चित्र 4) में पोटे (केबोचोन) के रूप में बिखरे हुए धातु के क्रिस्टल के साथ-साथ बारीक स्तरीय और परतदार संरचना दिखाई दी। इन परतों ने तिरछी रोशनी के तहत इंद्रधनुषी रंग भी प्रदर्शित किए (चित्र 5)। इसके अलावा, पूरे सैंपल में टेडी-मेडी धारियाँ भी मौजूद थीं (चित्र 6)। नमूने की परतदार और स्तरीय संरचना चमक या 'साटनी' चमक का कारण प्रतीत होती है। इस तरह का संरचनात्मक पैटर्न न तो चाओराईट और न ही सुजीलाईट में देखा गया।




चित्र 5

हिथरोसाईट-परपुराइट में स्तरीय संरचना के कारण इसमें चमक और इंद्रधनुषीपन रहता है। अंदर की तरफ काला भाग मिनरल ग्रेन्स हैं |

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे gtl@gjepcindia.com**

**लेखक के बारे में**

गगन चौधरी, एफजीए जीजेईपीसी-जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर में निदेशक हैं। चौधरी ने जेम टेस्टिंग लेबोरेटरी, जयपुर, भारत से जेम आइडेंटिफिकेशन में मास्टर्स डिप्लोमा, जेम-ए, यूके से जेमोलॉजी में डिप्लोमा किया है और एसएसईएफ, बासेल से साइंटिफिक जेमोलॉजी कोर्स पूरा किया है।



चित्र 6

हिथरोसाईट-परपुराइट पोटे ने पूरी सतह पर भूरे रंग की धारियों को प्रदर्शित किया, जिसे रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी से पहचाना गया |

PROPERTIES

| | |
|---|---|
| Lustre | Silky to Sub-metallic |
| Hardness | 4 - 4.5 |
| Specific Gravity | 3.20-3.40 |
| Optic Character | Doubly Refractive |
| Refractive Index | 1.85-1.92 |
| Birefringence | 0.07 |
| Pleochroism | Strong (Not visible in massive variety) |

परपुराइट ( (MnPO4)) हिथरोसाईट के साथ आईजोमोरफिज्म की एक श्रंखला बनाता है। (Fe,Mn)PO4 खनिजों के ट्राइफाइलाइट समूह से संबंधित होने के कारण गहन रासायनिक विश्लेषण के बिना दोनों प्रजातियों को अलग करना मुश्किल हो सकता है। जीजेईपीसी-जीटीएल में बैंगनी पोटे की जो टेस्टिंग की गई इससे पता चला कि इसमें आयरन (Fe) और मैंगनीज (Mn) का अनुपात 2:1 है । इससे पता चलता है कि परीक्षण किया गया सैंपल हिथरोसाईट का ही एक रूप है। नतीजतन, लेबोरेट्री मानती है कि यह जेमस्टोन हिथरोसाईट-परपुराइट ही है। हालांकि ट्रेड में आमतौर पर इसे केवल 'परपुराइट' के रूप में परिभाषित किया जाता है।

**पुर्तगाल, ब्राजील, अमेरिका, जर्मनी और नामीबिया हेटेरोसाइट-परपुराइट के प्रमुख स्रोत हैं।**

अपने रंग और दिखावट की वजह से इसे एक हीलिंग स्टोन के तौर पर भी देखा जा रहा है, लेकिन अधिकतर रत्न व्यवसायी इस रत्न के बारे में अभी तक अनजान हैं।

GJEPC INDIA

# जैम बोर्स

## राहें अब और आसान हुई

जीजेईपीसी (GJEPC) और ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर ने जैम बोर्स प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए एसपीवी बनाया है। किफ़ायती दरों पर भू-आवंटन करने और व्यवसाय को आसान बनाने हेतु विभिन्न राहतें प्रदान करने के लिए एसपीवी द्वारा राज्य स्तरीय कमेटी के सामने प्रस्ताव रखा गया है। सीतापुरा में क्राउन प्लाज़ा के पास 43000 स्क्वायर मीटर जगह इस प्रोजेक्ट के लिए देखी जा चुकी है। 25 जून, 2021 को यह मामला एसपीवी के चेयरमैन श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल द्वारा राज्य सरकार अधिकृत कमेटी के सम्मुख भू-आवंटन हेतु प्रस्तुत किया गया है। जीजेईपीसी के रीजनल चेयरमैन श्री निर्मल बरडिया ने जैम वर्ल्ड को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के कलर्ड जैमस्टोन पैनल के कन्वीनर श्री विजय केड़िया ने इस बारे जानकारी देते हुये कहा कि भू-आवंटन की इस प्रक्रिया में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री जी की स्वीकृति की आवश्यकता है। हमें आशा है कि यह अप्रूवल हमें जल्दी ही मिलेगा और इस दिशा में हम आगे बढ़ेंगे।






# ECCS: जयपुर के ई-कॉमर्स निर्यातकों को बड़ी राहत

व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने जयपुर में एक्सप्रेस कार्गो क्लीयरेंस टर्मिनल (ECCS) की स्थापना की अनुमति प्रदान कर दी है। जीजेईपीसी (GJEPC) द्वारा सरकार से जेम्स और ज्वैलरी के लिए एक ई-कॉमर्स पॉलिसी बनाने, व्यापार को सरल बनाने और माल को भेजने की लागत को कम करने का लगातार अनुरोध किया जा रहा था।

जयपुर में कोरियर मोड क्लीयरेंस के लिए कस्टम क्लीयरेंस हब बनाने की ट्रेड की मांग के मद्देनजर जयपुर में ईसीसीएस की स्थापना की जाएगी जो कि एक बड़ी पहल है। इससे ई-कॉमर्स के माध्यम से निर्यातकों को रिटेल निर्यात में बड़ी मदद मिलेगी। श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल, आयुक्त सीमा शुल्क ने जयपुर में ईसीसीएस की स्थापना की जानकारी दी।

- 5 लाख रुपए तक का माल अब कोरियर मोड से जाएगा और इसे कस्टम जांच से कम गुजरना पड़ेगा जिससे कस्टम क्लीयरेंस का समय बचेगा।
- जयपुर के ज्वैलर्स अपना ई-कॉमर्स/ऑनलाइन बिजनेस बढ़ा पाएंगे क्योंकि ईसीसीएस के सुदृढ़ तकनीकी माध्यम से नियम सरल होंगे और माल को भेजना सस्ता होगा।

# भारतीय रत्न एवं आभूषणों पर
# 25% आयात शुल्क रद्द करने के लिए
# जीजेईपीसी द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया



जीजेईपीसी ने बड़े व्यापार संगठनों, जेम्स और ज्वैलरी क्षेत्र के अग्रणी निर्यातकों के साथ मिलकर भारतीय जेम्स और ज्वैलरी उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हुये, 10 मई को आयोजित हुई यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रजंटेटिव (USTR) की वर्चुअल न्यायिक सुनवाई में भारतीय ज्वैलरी उत्पादों पर प्रस्तावित 25% आयात शुल्क के मुद्दे को उठाया। जीजेईपीसी ने लगातार सभी स्टेकहोल्डर्स से बात करते हुये इस कदम की जटिलताओं पर प्रकाश डाला है। सीतापुरा जेम्स एंड ज्वैलरी एसोसिएशन के श्री राजीव जैन ने USTR को चेताया है कि ऐसे कदम से सप्लाई चेन बंद हो सकती है। GJEPC और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के सयुंक्त प्रयासों से USTR ने इस विषय पर अपना निर्णय स्थगित कर दिया हैं।

> “
>
> अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय जेम्स एंड ज्वैलरी आइटम्स पर लगाए गए 25% आयात शुल्क को हटवाने के लिए GJEPC भारतीय इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व कर रहा है।
> “कलर्ड जेमस्टोन और सिल्वर ज्वैलरी से जुड़ी चीजें अमेरिका को निर्यात की जाती हैं और फिनिश ज्वैलरी में तब्दील होने के बाद यहाँ से ये अन्य देशों को निर्यात की जाती हैं। अब अलग से शुल्क लगाने से पूरा व्यापार प्रभावित होगा".
>
> -राजीव जैन

JEWELLERS ASSOCIATION JAIPUR

GEM WORLD
Official Magazine Of The Jewellers Association, Jaipur

Know • Connect • Grow

पिछले 47 सालों से भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में इस मैगज़ीन के पाठकों की अच्छी खासी संख्या रही है। हम आपको अपने विज्ञापन के लिए इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने और दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक अपनी पहुँच बढ़ाने के लिए आमंत्रित करते हैं। आगे बढ़ें और ट्रेड की सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली ज्वैलरी मैगज़ीन में अपने व्यापार को स्थान दें। ई-मैगज़ीन एक विस्तृत पाठक संख्या को वितरित होगी, इससे आपके ब्रांड की पहुंच असीमित होगी।

विज्ञापन दरों और ज़्यादा जानकारी के लिए संपर्क करें:

+91 87696 64868 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

# ज्वैलर्स के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन

## हॉलमार्किंग को सभी के लिए फायदेमंद बनाने की दिशा में GJC की कोशिशें जारी

ऑल इंडिया टास्क फोर्स और जीजेसी के अथक प्रयासों से सरकार ने हॉलमार्किंग के नियमों में थोड़ी ढील दी है। इंडस्ट्री के लिए यह एक बड़ी राहत है।

माननीय उपभोक्ता मामलात मंत्री श्री पीयूष गोयल, उपभोक्ता मामलों के अतिरिक्त सचिव, बीआईएस टीम, एक्सपर्ट कमेटी और हॉलमार्किंग सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

इस बैठक के दौरान इन बातों पर सहमति बनी:

1. 10 पीस के लॉट वाली ज्वैलरी को हॉलमार्किंग में प्राथमिकता दी जाएगी ताकि छोटे ज्वैलर्स को मदद मिल सके। इस ज्वैलरी को एक्सआरएफ़ पद्धति से ही टैस्ट किया जाएगा। एएचसी में ज्वैलरी की मार्किंग के लिए "फ़र्स्ट इन फ़र्स्ट आउट" (FIFO) का तरीका अपनाया जाएगा।

2. हॉलमार्किंग में कोई देरी न हो, इसके लिए बीआईएस पोर्टल के सर्वर्स की स्पीड और क्षमता को तीन गुना तक बढ़ाया जाएगा। वर्तमान सॉफ्टवेयर और नेटवर्क क्षमता की जांच के लिए एक बाहरी ऑडिट एजेंसी नियुक्त की जाएगी।

3. यह पुष्टि की गई है और आश्वासन दिया गया है कि एचयूआईडी केवल हॉलमार्किंग सेंटर्स तक ही सीमित रहेगी। बीआईएस पोर्टल पर ज्वैलर्स अकाउंट डेटा का ट्रांसफर जल्दी ही डिएक्टिवेट कर दिया जाएगा। इसके लिए आदेश जारी कर दिये गए हैं।

"इंडस्ट्री ने आखिर राहत की सांस ली है, 28 अगस्त को दिल्ली में आयोजित स्टेकहोल्डर्स की मीटिंग में माननीय मंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की।

उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि हॉलमार्किंग का दायरा केवल हॉलमार्किंग सेंटर्स तक ही सीमित रहेगा और बीआईएस पोर्टल के डेटा का ट्रांसफर जल्दी ही डिएक्टिवेट कर दिया जाएगा।

हमने एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने का भी प्रस्ताव रखा है, जिसमें कि कानूनी दिग्गजों को शामिल किया जाये ताकि बीआईएस एक्ट में ज़रूरी संशोधन हो सकें जिससे कि इंडस्ट्री के लोगों में इसको लेकर कोई भय न रहे। इस दृष्टि से अनुच्छेद 14, 15 और 17 में संशोधन आवश्यक है।

बहुत जल्दी ही सरकार द्वारा इसकी आधिकारिक घोषणा भी की जाएगी।

हमारा सौभाग्य है कि हमारी सरकार बिजनेस फ्रेंडली है और यह समय है जब हमें और ज़्यादा व्यवस्थित रूप से काम करना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

**आशीष पेठे**
चेयरमैन, जी जे सी



4. एक एक्सपर्ट कमेटी के गठन का प्रस्ताव भी रखा गया है जिसमें कि कानूनी सलाहकार हो, ताकि जो निर्णय लिए गए हैं उन्हें ठीक से लागू किया जा सके और बीआईएस एक्ट और नियमों/नियामकों में उचित संशोधन किया जा सके।

5. अनिवार्य हॉलमार्किंग और एचयूआईडी के शुरुआती रूप से लागू होने के बाद, कई तरह की दिक्कतें सामने आई जैसे कि एक ही कीमत पर डबल मार्किंग, वजन में अंतर, शुद्धता की गलत मार्किंग आदि। जल्दी ही एक सही तरीका अपनाया जाएगा और इन शुरुआती दिनों में हुई त्रुटियों के लिए एमनेस्टी भी प्रदान किए जाने की संभावना है।

6. 'स्टोरेज', एक्जिबिट टू सेल' डिस्ट्रीब्यूट और ज़िम्मेदारी जैसे मामलों पर अनुच्छेद 14, 15 और 17 में संशोधन किया जाना है। साथ ही प्रस्तावित लीगल कमेटी की सलाह के बाद कैंसिलेशन किए जाने पर विचार किया गया है।

7. ज्वैलर्स हॉलमार्किंग के समय हॉलमार्किंग सेंटर पर 5 रुपए का अतिरिक्त शुल्क देकर अपना हाउस मार्क लगा सकते हैं।

8. बड़े निर्माताओं को खुद के मार्किंग सेंटर्स खोलने की अनुमति होगी।

9. किसी ज्वैलर की व्यवहारिक गलती या अन्य किसी गलत कदम पर 30 नवंबर तक कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी। यह मीटिंग पूरी तरह सफल रही। सरकार की तरफ से आधिकारिक घोषणा की जल्दी ही आशा की जा रही है।

## प्रदान की गई राहत की खास बातें

01 हर ज्वैलर के लिए फ्री और वन-टाइम रजिस्ट्रेशन

02 जीजेसी की मांग को मानते हुये, एचयूआईडी एक्टिवेशन को हॉलमार्क सेंटर्स तक ही रखने के लिए बीआईएस सहमत हो गया है।

03 जीजेसी के अनुरोध के बाद 20, 23 और 24 कैरेट के आभूषणों को हॉलमार्क करने की अनुमति दी गई है।

04 हमारे द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि हॉलमार्किंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है, इसलिए अब हॉलमार्किंग को 256 जिलों तक ही सीमित रखा गया है जहां हॉलमार्किंग इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है।

05 हमारे अनुरोध के बाद, बीआईएस ने घरेलू बी-टू-बी एक्जिबिशन्स को अनिवार्य हॉलमार्किंग व्यवस्था से छूट दी है।

मुक्त करें

इससे जुड़े और भी कई कानूनी और व्यावहारिक मुद्दे हैं जिनका अभी भी समाधान किया जाना बाकी है, इन मुद्दों को हमने एड्वाइजरी कमेटी को भेजा है और उन पर मंत्रालय का जवाब आना बाकी है।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण कानून की मांग है कि देश का रिटेल सेक्टर इस ज़रूरी हॉलमार्किंग को गंभीरता से ले और इसे दिल से स्वीकार करे। कानून को लागू कर दिया गया है और सरकार इंडस्ट्री के साथ मिलकर लगातार पिछले दो महीनों से इससे जुड़े मुद्दों का समाधान कर रही है। रिटेल सेक्टर को इसे ग्राहक के लिए शुद्धता को सुनिश्चित करने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। हमारा ध्यान ग्राहकों के मन में ज्वैलरी के प्रति आकर्षण को बढ़ाने में होना चाहिए, खास तौर पर युवाओं के लिए।

बीआईएस को अब एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। यह जल्दी से धरातल पर उतरे, इसके लिए इसकी अनुपालना सरल हो और इसका शुल्क उचित हो। साथ ही, हॉलमार्किंग के दायरे में आने वाले भारतीय ज्वैलर्स के लिए यह शुल्क इस बात पर निर्भर करेगा कि देश भर में नए हॉलमार्किंग केंद्र और इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास कितना जल्दी होता है।

GJSCi
Gem & Jewellery Skill Council of India

# डिज़ाइन कनेक्ट

जीजेएससीआई की संकल्पना पर आधारित डिज़ाइन कनेक्ट इवेंट का आयोजन इस साल 28 सितंबर, 2021 को ऑनलाइन किया जाएगा। इस इवेंट का संचालन जीआईए द्वारा किया जाएगा। यह एक दिवसीय कार्यक्रम है, जो अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। डिजाइन कनेक्ट इस सीरीज का दूसरा संस्करण है, इसके पहले संस्करण का आयोजन 26 जून 2019 को मुंबई के होटल सहारा स्टार में किया गया था। अक्सर, प्रतिभाशाली डिजाइनर आभूषण निर्माताओं और विक्रेताओं से संपर्क नहीं साध पाते हैं। दूसरी ओर, जो निर्माता और विक्रेता उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए बेहतरीन डिजाइन के महत्व को पहचानते हैं, वे इच्छुक ज्वैलरी डिजाइनरों तक नहीं पहुँच पाते हैं, जो उनकी ज़रूरत को पूरा कर सकें।

उपरोक्त प्रक्रिया में समन्वयता लाने में डिजाइन कनेक्ट का यह संस्करण आभूषण निर्माताओं और विक्रेताओं के साथ डिजाइनरों को, एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझते हुए उसकी पूर्ति करने का एक मंच प्रदान करेगा। इस वर्ष निम्नलिखित को मुख्य रूप से प्रतिभागी बनाया गया:

1. हैंड स्केच डिज़ाइन
2. रिटेल डिज़ाइनर
3. स्टाइलर
4. पैकेजिंग डिज़ाइनर
5. केड डिज़ाइनर
6. विज़ुअल मर्चेंडाइजर
7. युएक्स/यूआई (उपयोगकर्ता अनुभव / यूजर इंटरफ़ेस)
8. ब्रांड निर्माता

**चयनकर्ता - आभूषण निर्माता जो पूर्णकालिक, अंशकालिक या प्रोजेक्ट के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों (candidates) की तलाश में हैं।**

DESIGN CONNECT
A GJSCI INITIATIVE

डिजाइन कनेक्ट एक अनूठी ऑनलाइन पहल है, जहाँ प्रतिभागी एक ही मंच पर एक से ज्यादा उम्मीदवारों से मिल सकते हैं और उन्हें उनके पोर्टफोलियो के माध्यम से उनसे रूबरू हो सकते हैं। इसी प्रकार उम्मीदवार भी एक ही मंच पर अधिक से अधिक व्यक्तियों एवं व्यवसायियों के समक्ष खुद को प्रस्तुत कर सकते हैं, एवं इंतज़ार व समय व्यर्थ करने वाली प्रक्रियाओं से बच सकते हैं।

इस कार्यक्रम में इंडस्ट्रीज़ के जाने माने डिजाइनर्स के साथ चर्चा भी होगी, जो भविष्य में आने वाले नये आयाम और ट्रेंड्स की जानकारी देंगे। GJSCI इंडियन जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री में कौशल विकास के लिए नोडल यूनिट है। वर्ष 2012 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के तत्वाधान में गठित, GJSCI वर्तमान में कौशल विकास और उद्यमिता (MSDE) के अधीन काम कर रही है। GJSCI के संस्थापक सदस्य संगठनों में जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC), ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) SEEPZ जेम्स एंड ज्वैलरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (SGJMA) और ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर शामिल हैं।

उम्मीदवारों के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2021 रखी गयी थी।

डिज़ाइन कनेक्ट की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

श्री किरण पडतुरे
+91 99306 84522

सुश्री रिनी फर्नांडीस
+91 91675 21328

मीडिया से संबन्धित जानकारी के लिए, कृपया सुश्री रिनी फर्नांडीस से ea@gjsci.org पर संपर्क करे




SGJIA
SITAPURA
सीतापुरा जेम्स और ज्वैलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन

# सामाजिक बदलाव की दिशा में SGJIA की बड़ी पहल



सीतापुरा जेम्स और ज्वैलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन (SGJIA) एक विकासशील कारोबारी माहौल बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है, जो कि सामाजिक ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करते हुये जेम्स और ज्वैलरी के उद्योग को उन्नति की नई दिशा प्रदान कर रहा है। अगस्त 2006 में स्थापित, SGJIA की सदस्य 150 से अधिक संचालित इकाइयां हैं और ये सभी इकाइयां फैक्ट्री अधिनियम 1948 द्वारा निर्धारित सख्त दिशानिर्देशों के तहत काम करती हैं। एसोसिएशन व्यापक रूप से सामाजिक गतिविधियों (CSR एक्टिविटीज़) का संचालन करते हुये समाज के सभी वर्गों को कुशल एवं सक्षम बनाने के लिए प्रयासरत है। SGJIA ने रोज़गार सृजन, महिला सशक्तिकरण, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण आदि के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट्स शुरू किए हैं और यह संस्था समाज के लिए आत्मनिर्भता के अवसर एवं परिकृत जीवनशैली प्रदान करने के कार्य में संलग्न है।

### सरकार के साथ मिलकर युवाओं के लिए
# भर्ती, प्रशिक्षण और रोज़गार



रोज़गार सृजन के लिए SGJIA ने, सरकार की संस्था RSLDC (राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम) के साथ मिलकर एक कार्यक्रम शुरू किया है जिसमें युवाओं को भर्ती, प्रशिक्षण और रोज़गार (RTE) के अवसर प्रदान किए जाते हैं। इस कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग पाने वाले युवाओं को अनुबंध (कोंट्रेक्ट) के आधार पर भर्ती किया जाता है एक निश्चित समय अवधि तक कार्य प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जाता है एवं रोज़गार प्रदान किया जाता है। इसके लिए, SGJIA ने सरकार के साथ एक MoU (समझौता पत्र) साइन किया है, ताकि फैक्ट्री में ही प्रशिक्षण सुविधा स्थापित की जा सके और युवाओं को जेम्स और ज्वैलरी व्यवसाय से जुड़े विभिन्न पहलुओं की शिक्षा प्रदान की जा सके। यह प्रतिभाओं को तैयार करने और समग्र व्यापार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में अपनी तरह की एक बड़ी पहल है। इस कार्यक्रम के तहत 4 चिन्हित केंद्रों पर ज्वैलरी से जुड़ी तीन प्रक्रियाओं यानी फाइलिंग, सेटिंग और पॉलिशिंग में 200 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। व्यापार में कुशल कार्मिकों को बढ़ाने के लिए भविष्य में CAD, स्टोन प्रोसेसिंग जैसे पाठ्यक्रम भी इसमें शामिल किए जाएंगे।

**व्यवसाय को आसान बनाने और मेंबर्स व क्लाइंट्स के बीच संवाद को बेहतर बनाने के लिए, SGJIA ने नए अलगोरिदम पर आधारित वेबसाइट को हालही में लॉंच किया। वेबसाइट www.sgjia.in एक ऐसा माध्यम है जहां क्लाइंट्स मेंबर्स से जुड़ सकते हैं और एक बार में ही पूरा पोर्टफोलियो देख सकते हैं।**

### SGJIA के साथ
# महिला सशक्तिकरण

SGJIA का उद्देश्य है कि जेम्स और ज्वैलरी उद्योग में महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो, किन्तु ऐसा न होना, एक विचारणीय विषय है। इसी के मद्देनज़र, एक महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जहाँ महिलाओं को सोर्टिंग, मैन्युफ़ेक्चरिंग जैसे जेम्स और ज्वैलरी उद्योग के विभिन्न विभागों से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाता है। असोसिएशन द्वारा एक केंद्रीकृत सिस्टम संचालित किया जाता है, जिसमें महिलाएँ फ़ैक्टरीज़ के विभिन्न विभागों में शामिल होती हैं और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करती हैं। अब तक 500 से ज़्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।



अच्छे एवं स्वस्थ वैश्विक माहौल के लिए SGJIA सभी प्रकार के प्रयास कर रही है ताकि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप हमारे उद्योग के क्षेत्र में कुशल पुरुष व महिला कार्मिको का समानता के साथ विकास एवं उन्नति संभव हो।

---

GJEPC के सहयोग से SGJIA द्वारा एक एक्टिव वैक्सीनेशन कैंप (टीकाकरण अभियान) चलाया जा रहा है, जिसमें 7000 से ज़्यादा कार्मिकों का टीकाकरण किया जा चुका है और इस दिशा में लगातार काम जारी है। इसके अतिरिक्त, एसोशिएशन ने 'वन लेबर-वन प्लांट' की मुहिम भी शुरू की है, जिसमें कार्मिकों को कैंपस में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मुहिम के अंतर्गत निकट भविष्य में 8000 से ज़्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए छोटे और बड़े हर तरह के कदम उठाना SGJIA की प्राथमिकता रही है और इसका प्रयास इंडस्ट्री में कुशल कार्मिक और महिला समानता तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य एक ऐसा समाज तैयार करना है जिसमें सभी आगे बढ़ें और सभी की उन्नति हो।

# डिज़ाइन स्पीक

किसी आभूषण पर पहला हक उसके खरीदार का नहीं बल्कि उस डिज़ाइनर का होता है जिसने अपनी कल्पनाशीलता से इसे कागज पर उतारा है। देखिये डिज़ाइनर्स की बेहतरीन कल्पनाशीलता के कुछ नायाब आर्टवर्क्स!























| क्रम | डिज़ाइनर | थीम | ई-मेल |
|---|---|---|---|
| 1. | सोनल सोनी | कलर्स | 99sonalsoni@gmail.com |
| 2. | रीतिका गोयल | द एंचांटेड पैलेस | ritikagoyal.30@gmail.com |
| 3. | ईशा गुप्ता | उकियो (द फ्लोटिंग वर्ल्ड) | isha.work47@gmail.com |
| 4. | रुकमणि आर | द रॉयल फॉलकन रिंग | rukmanirathinam97@gmail.com |
| 5. | विष्णु कुमार सोनी | द चेरिओटीर | vishnuusoni@gmail.com |
| 6. | स्वाती सोनी | ब्यूटी ऑफ द सोर्स | soniswati046@gmail.com |
| 7. | एकता कौशिक | शेड्स ग्रीन - पोल्की नेकलेस | ektakaushikdsigns@gmail.com |




8



9



10



11



12



13



14

| क्रम | डिज़ाइनर | थीम | ई-मेल |
|---|---|---|---|
| 8. | शिवानी | द इंपीरियल गिन्नी नेकलेस | iamshivani2019@gmail.com |
| 9. | रमन प्रीत कौर | द रॉयल सिग्नेचर डैगर | raman_rpk631@gmail.com |
| 10. | हेमंत चतुर्वेदी | कोलर नेकलेस | chaturvedih09@gmail.com |
| 11. | शुभांगी डंगायच | द रॉयल हाईनेस | sdangayach@yahoo.in |
| 12. | प्रगति मीना | ब्लोसम हारबिंगर | pragatimeena58@gmail.com |
| 13. | विरल पांचाल | महाराजा फॉर महाराज (टाई पिन) | panchalv111@yahoo.com |
| 14. | आरती पवन कुमार सोनी | नेचर ब्यूटी | arti95soni@gmail.com |



15



16



17



18



19



20

| क्रम | डिज़ाइनर | थीम | ई-मेल |
|---|---|---|---|
| 15. | विरल पांचाल | डोम ऑफ एमरल्ड्स | panchalv111@yahoo.com |
| 16. | स्वाती सोनी | बुके ऑफ ब्लेसिंग्स | soniswati046@gmail.com |
| 17. | प्रियान्शु सोनी | अल्लुर ऑफ वाइल्ड लाइफ | soni.priyanshu06@gmail.com |
| 18. | दर्शिका भार्गव | म्यूजिक - ओ- फिले | bhargavadarshika07@gmail.com |
| 19. | रेनू अंकित मालपानी | हैवेन्स गार्डन | rasomani@gmail.com |
| 20. | शिल्पा लड्ढा | क्वींज डिजायर | vivekladha@gmail.com |

# जैम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के युगपुरुष


## श्री एस.एस. गुप्ता

जयपुर की इन गलियों को नाज़ होगा जो उस शख़्स के पदचिन्हों का गवाह बनी जो जैम्स और ज्वैलरी इंडस्ट्री के कर्णधार रहे हैं। एक स्व-व्यवसायी, एक परोपकारी इंसान, एक जोखिम लेने वाला इंसान, मानवता के प्रति समर्पित और एक सफल व्यवसायी...... श्री गुप्ता की जीवनी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। उनके चले जाने से जो कमी हुई है उसे कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है।

जयपुर के जैम्स और ज्वैलरी उद्योग का स्वर्णिम इतिहास श्री गुप्ता के उल्लेख के बिना नहीं लिखा जा सकता है। 15 अगस्त 1927 को एक विनम्र परिवार में जन्मे श्री गुप्ता ने अपनी राह खुद बनाई और हमेशा दूसरों को नए अवसर देने की इच्छा के साथ काम किया। उनका हमेशा मानना रहा कि "एक व्यक्ति अपने देश को जो सबसे अच्छा उपहार दे सकता है, वो है रोज़गार सृजन"।

अपनी इस सोच को साकार करने के लिए उन्होंने कालांतर में अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिकी देशों की यात्राएं की, संभावनाओं को तराशा एवं उन्हें अवसरों में बदलकर सभी के लिए व्यवसाय में उन्नति के द्वार खोले। वे एक कर्तव्यनिष्ठ इंसान थे और व्यवसाय के लिए बेहतरीन अवसर पैदा करने के प्रति हमेशा आतुर थे जिससे समाज में चंहुमुखी विकास के अवसर पैदा हों। दूरदर्शी सोच के धनी, श्री गुप्ता एक सच्चे देशभक्त थे, देश के लोगों के प्रति उनका प्यार और जयपुर के प्रति उनका स्नेह अतुलनीय था। जैम वर्ल्ड ऐसे कर्मठ, ईमानदार और परोपकारी व्यक्तित्व के धनी श्री गुप्ता को नमन करती है।

> "रोज़गार सृजन किसी व्यक्ति का देश के लिए श्रेष्ठ उपहार है."
>
> श्री एस एस गुप्ता



**'युगपुरुष, आदरणीय गुप्ता जी'**

मैं गुप्ता जी को एक 'महान और युगपुरुष' के रूप में याद करता हूँ जिन्होंने जयपुर के जैम्स और ज्वैलरी उद्योग के परिदृश्य को पूरी तरह बदल कर रख दिया। हमारा साथ 1967 से पहले का रहा है और हमारी यादें समर्पण, विनम्रता और कड़ी मेहनत के किस्सों से भरी हुई हैं। गुप्ता जी ने दुनिया भर में व्यवसाय करने के लिए जयपुर को पन्ने(एमरल्ड) के क्षेत्र में एक बड़ा बाज़ार बनाया। कई चीजें हैं जो उन्हें औरों से अलग बनाती हैं, वे न कभी असफलता से विचलित हुये और न ही सफलता को लेकर ज़्यादा उत्साहित हुये। वे एक सच्चे 'कर्मयोगी' थे जिनकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती है।

**श्री श्याम सुंदर खटोरिया**
पार्टनर, सुमंगल जैम्स, जयपुर

# सूचना एवं समाचार

2020-21

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**



**ज्वैलर असोसिएशन व्यापार के अतिरिक्त सामाजिक विकास के कार्यों में भी सक्रिय है। कोविड संकट के बारे में हम सभी भली भांति जानते हैं, कोविड-संकट ने समाज के सभी वर्गों के लिए भारी असमानता और संसाधनों की कमी पैदा की। विशेष रूप से समाज के हाशिए के वर्गों के लिए संकट कुछ ज्यादा ही गहरा रहा। उन्हें सहयोग करने की दिशा में, पूरे वर्ष विभिन्न पहल और अभियान चलाए गए। इनमें से कुछ प्रमुख अभियान निम्नलिखित हैं-**

2020

## कोविड केयर फंड

माननीय प्रधानमंत्री जी की मुहिम को आगे बढ़ाते हुये, ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने मार्च 2020 में मुख्यमंत्री सहायता कोष में 21 लाख रुपए की राशि प्रदान की। माननीय मुख्यमंत्री जी की ओर से प्रमुख सचिव श्री कुलदीप रांका जी ने यह चैक स्वीकार किया।



2020

## योगदान

प्रवासी मजदूरों और संकट से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन, पानी, राशन किट आदि उपलब्ध कराने के लिए असोसिएशन द्वारा 30 लाख रुपये का एक बड़ा योगदान दिया गया।

- एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा के लिए 200 उच्च गुणवत्ता वाले पीपीई किट प्रदान किए गए। ये किट डॉ. सुधीर भंडारी को सौंपे गए।
- चार लोगों के एक परिवार के लिए 2000 राशन किट तैयार कर वितरित किए गए। इन किटों में 10 किलो आटा, चावल, खाना पकाने का तेल, चीनी, मसाले आदि शामिल थे।
- प्रवासी कामगारों की परेशानी को कम करने के लिए 4000 पैक्ड फूड पैकेट वितरित किए गए।
- 2000 सैनेटाइजर किट वितरित किए गए। हर सैनेटाइजर किट के साथ चार मास्क भी थे।
- पक्षियों को खिलाने के लिए 10 बोरी ज्वार वितरित किया गया।





## 'कोहिनूर्स ऑफ इंडिया'

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर को GJEPC द्वारा कोरोना की पहली लहर में सराहनीय कार्यों के लिए 'कोहिनूर्स ऑफ़ इंडिया' के अवार्ड से नवाजा गया है।

2020-21

# सूचना एवं समाचार

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**

2020

## सदस्यों के लिए

लॉकडाउन के दौरान, सदस्यों को अपने स्टॉक और अपने परिसर की समग्र सुरक्षा की जांच करने के लिए कर्फ़्यू प्रभावित शहर में स्थित अपने कार्यालयों का दौरा करने की आवश्यकता थी। सरकार की सहायता से ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने अपने सदस्यों के लिए नि:शुल्क आवागमन की व्यवस्था की, इस पहल से 700 से अधिक सदस्यों को फायदा हुआ।

असोसिएशन ने स्वेच्छा से एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों को आइसोलेशन और क्वारंटाइन के लिए जनोपयोगी भवन की पेशकश की।

2020

## आशा और सकारात्मकता




इस महामारी ने चारों तरफ घोर निराशा और उदासी फैला दी। व्यापार भी दबाव में था और कुछ आशा और सकारात्मकता की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। दुनिया भर के जौहरियों और व्यापारियों को उत्साहित करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए असोसिएशन की ओर से एक फिल्म बनाई गई, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया और सभी ने इसे खूब सराहा।

2021

## पांच दिवसीय निशुल्क टीकाकरण अभियान

ज्वैलर्स असोसिएशन की CSR कमेटी के समन्वयक आलोक सौंखिया एवं अन्य सदस्यों के प्रयासों से 45 वर्ष से अधिक आयु के असोसिएशन के सदस्यों के लिए जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान अस्पताल में 9-13 अप्रैल तक पाँच दिवसीय नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 600 से अधिक लोगों ने अपना टीकाकरण कराया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में जनकल्याण के लिए किसी असोसिएशन की ओर से आयोजित अपनी तरह का यह पहला शिविर था।





2020-21

# सूचना एवं समाचार

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**

2021

## ज्वैलर्स असोसिएशन और फोर्टी ने मिलाया हाथ

### फ्री कोविड केयर सेंटर

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर और फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) कोविड संकट में आगे आए। यह प्लानिंग का नतीजा था कि गोविंद मार्ग पर जनोपयोगी भवन में तत्काल प्रभाव से एक मुफ्त कोविड देखभाल केंद्र स्थापित किया। केंद्र का संचालन सीएमएचओ और सैटेलाइट अस्पताल, सेठी कॉलोनी की ओर से किया गया।






इसका उद्घाटन आदर्श नगर विधायक रफीक खान और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर भंडारी ने किया। इतना ही नहीं ज्वैलर्स असोसिएशन ने लोगों को पीपीई किट, मास्क और ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर भी उपलब्ध कराए।

## नि:शुल्क टीकाकरण शिविर
## 18-44 आयु वर्ग के सदस्यों के लिए



कोविड की दूसरी लहर में भी असोसिएशन की ओर से बहुत-से जनउपयोगी काम किए गए। इसी कड़ी में ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर ने अपने सदस्यों के लिए जनोपयोगी भवन में विभिन्न मुफ्त टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों के आयोजन में स्थानीय विधायक रफीक खान ने असोसिएशन की काफी मदद की। इन शिविरों के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के 2000 से अधिक सदस्यों ने टीकाकरण करवाया। ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता, उपाध्यक्ष आलोक सौंखिया, सचिव अशोक माहेश्वरी, संयुक्त सचिव नीरज लुणावत, कोषाध्यक्ष राजू अग्रवाल, पूर्व सचिव डी.पी. खण्डेलवाल, एवं अजय गोधा, महेश खण्डेलवाल, सुनील बटवाड़ा सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

2020-21

# सूचना एवं समाचार

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**

2021

## वेबिनार
### बैठकों का नया रूप



कोविड के कारण लगाए गए सामाजिक प्रतिबंधों के कारण, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और वेबिनार के माध्यम से कई महत्त्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। सेमिनार समिति द्वारा व्यवसाय विकास से लेकर स्वास्थ्य प्रबंधन तक विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों के लिए विभिन्न वेबिनार का आयोजन किया गया। इसका विवरण कुछ इस प्रकार है:

1. 24 अप्रैल - बिजनेस सेल्स को लेकर सेमिनार, किस प्रकार छ महीने के अंदर सेल्स को 50 प्रतिशत तक बढ़ाएं।
2. 28 अप्रैल - डॉ अनामिका जालंधरा के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर रुट क्योर होम्योपैथी के बारे में जानकारी।
3. 26 जून - लीगल वेलनेस पर वेबिनार
4. 1 जुलाई - पारिवारिक व्यवसाय के बारे में
5. 1 जुलाई - धरती के भगवान
6. 1 अगस्त - मानसून: रोग और उनके विकार

## ज्वैलर्स असोसिएशन के चुनाव

2021

### नई कार्यकारिणी का चयन





ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर की कार्यकारिणी का चुनाव 27 फरवरी, 2021 को 2021-22 के कार्यकाल के लिए हुआ। यह चुनाव जनोपयोगी भवन में चुनाव अधिकारी श्री एस. आर. शर्मा, सीए, के निर्देशन में संपन्न हुआ। असोसिएशन के सदस्यों ने कुल 3603 मत डालकर 15 सदस्यों की समिति को चुना।

2020-21

# सूचना एवं समाचार

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**



## कार्यकारी समिति 2021-22

| नाम | पद |
|---|---|
| राम शरण गुप्ता | अध्यक्ष |
| आलोक सौंखिया | उपाध्यक्ष |
| अशोक माहेश्वरी | मानद सचिव |
| नीरज लुणावत | मानद संयुक्त सचिव |
| राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला | कोषाध्यक्ष |
| अभिषेक सांड | सदस्य |
| अजय गोधा | सदस्य |
| डी पी खण्डेलवाल | सदस्य |
| गोविंद प्रकाश अग्रवाल | सदस्य |
| महेश खण्डेलवाल | सदस्य |
| मुकेश विजय | सदस्य |
| नरेश अगरोया | सदस्य |
| राजेश जैन | सदस्य |
| राजेश धामाणी | सदस्य |
| सुनील बटवाड़ा | सदस्य |

**इनके अतिरिक्त, तीन सदस्यों को समिति में सहवरित किया गया**

| | |
|---|---|
| निर्मल कुमार बरड़िया | सदस्य |
| संजय काला | सदस्य |
| विजय केडिया | सदस्य |

2020-21

# सूचना एवं समाचार

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**

## व्यापार गतिविधियां

2021

### जैमबोर्स

ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर और GJEPC ने जयपुर के जैम्स और ज्वैलरी क्षेत्र में व्यापार को आसान बनाने के लिए जैम बोर्स योजना को त्वरित गति से अनुमति देने के लिए राजस्थान सरकार से अनुरोध किया।

2021

### **हॉलमार्किंग विस्तार** के लिए भारत सरकार को पत्र

व्यापारियों के व्यापक हितों की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, ज्वैलर्स असोसिएशन ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा। इसमें मौजूदा इन्वेंट्री की हॉलमार्किंग के लिए छह महीने का विस्तार देने का अनुरोध किया गया। अनिवार्य आभूषण हॉलमार्किंग की पहली घोषणा 15 जनवरी, 2020 को की गई थी। विक्रेताओं को दी गई समय सीमा एक वर्ष के लिए थी। कोविड में हुए लॉकडाउन की वजह से इस अवधि को और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

2021 में कोविड की दूसरी लहर के कारण बाजार बंद थे, जिससे इन्वेंट्री को हॉलमार्क करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल रहा था। साथ ही, पत्र में भारत सरकार से नीति आयोग गोल्ड रिपोर्ट द्वारा की गई सिफारिशों पर विचार करने का अनुरोध किया गया।

2020

### ज्वैलर असोसिएशन ने **जैम स्टोन से आयात शुल्क हटाने के लिए** वित्त मंत्री से की मुलाकात



ज्वैलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सांसद रामचरण बोहरा के नेतृत्व में भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और तत्कालीन वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से 5 मार्च, 2020 को मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जैम स्टोन से आयात शुल्क हटाने की मांग रखी। इस अवसर पर ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष संजय काला, मानद सचिव डी पी खण्डेलवाल, संयुक्त सचिव नीरज लुणावत, कोषाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला व कार्यकारी समिति के सदस्य नरेश अगरोया ने जवाहरात व्यापार की समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय बजट में रफ पर 0.5% आयात शुल्क लगाया गया है। कच्चे माल की कटिंग और पोलिशिंग के बाद, केवल 10% सामग्री उपयोग करने योग्य होती है, बाकी 90% उपयोग करने योग्य नहीं होती। ऐसी स्थिति में, आयात पर शुल्क का इस व्यापार पर अत्यधिक प्रभाव पड़ेगा जो पहले से ही मंदी का सामना कर रहा है। वैश्विक कोराना

मानकः पथप्रदर्शकः
Bureau of Indian Standards

# सूचना एवं समाचार 2020-21



महामारी के कारण यह और भी गंभीर रूप से प्रभावित है। वित्त मंत्री ने प्रतिनिधी मंडल की बातों को ध्यान से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस मामले में विचार करके निर्णय करेंगे।

2021

## राजस्थान के माननीय राज्यपाल से मुलाक़ात



ज्वैलर्स असोसिएशन की नवनिर्वाचित कमेटी ने राजस्थान के माननीय राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। कमेटी ने ट्रेड मेंबर्स की समस्याएं सामने रखी और माननीय राज्यपाल महोदय ने इनके समाधान के लिए आश्वस्त किया।



मार्च 2021 में ज्वैलर्स असोसिएशन की कार्यसमिति और टेक महिंद्रा के सीईओ के बीच एक बैठक आयोजित की गई।

## रोज़गार सृजन की दिशा में
## ज्वैलर्स असोसिएशन की अद्भुत पहल

**ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर (JA)**




'परिवर्तन संसार का नियम है', यह सच हैं कि समय अनवरत बदलता रहता और नए विचार सामने आते रहते है। इस महामारी की दुनिया ने कभी कल्पना नहीं की थी, लेकिन इसने लाखों लोगों को बेरोज़गार कर दिया और दुनिया को बड़े आर्थिक संकट में डाल दिया। ज्वैलर्स असोसिएशन ने इस समस्या पर मंथन किया और रोज़गार सृजन की दिशा में एक ऐसी योजना बनाई जिससे ज़रूरतमन्द लोगों को रोज़गार की नई राह मिल सके।

यह कार्यक्रम कैसे मदद करेगा इसके बारे में अशोक माहेश्वरी, मानद सचिव, ज्वैलर्स असोसिएशन ने विस्तार से बताया। प्रशिक्षण प्राप्त, कुशल और रोज़गार चाहने वाले फ्रेशर युवाओं का डेटा असोसिएशन कार्यालय में उपलब्ध रहेगा। जब भी कोई आवश्यकता हो तो नियोक्ता (रिक्यूटर) इस ऑफिस से संपर्क करके अपनी मांग के अनुसार उपयुक्त व्यक्तियों का बायोडेटा प्राप्त कर सकेंगे।

इससे रोज़गार सृजन का क्रम चलेगा और लोगों को नौकरी ढूँढने में मदद मिलेगी। इससे ऐसे लोगों को भी मदद मिलेगी जिन्होंने ट्रेड के साथ काम किया है लेकिन कंपनी द्वारा कम कार्मिक रखने या छंटनी करने के कारण उनकी नौकरी चली गई थी। ज्वैलर्स असोसिएशन का यह कदम युवाओं को रोज़गार प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# स्मरण



**श्री उमराव मल जी चौरड़िया**
**मानद सचिव**
(1966-67, 1972)

श्री उमराव मल जी चौरड़िया का देवलोकगमन 19 मई 2021 को हो गया। उनके जाने से जो कमी हुई है उसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। वे एक प्रतिष्ठित ज्वैलर और एक अच्छे इंसान थे, श्री चौरड़िया जी को व्यापार कुशलता और दूरदर्शी सोच के लिए सदैव याद किया जाएगा। वे 1971-72 में ज्वैलर्स असोसिएशन के माननीय सचिव थे।

इसके अलावा, श्री चौरड़िया जी विभिन्न अन्य संस्थाओं से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे और वहाँ भी आपने कई पदभार ग्रहण किए। इनमें से कुछ संस्थान अमर जैन मेडिकल रिलीफ सोसाइटी, सुबोध एजुकेशन सोसाइटी, फोर्टी (FORTI), श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ आदि हैं।





**श्री जमना दास जी अजमेरा**
**अध्यक्ष**
(1984-85)

श्री जमना दास जी अजमेरा का देवलोकगमन 6 मई 2021 को हो गया। वे एक मृदुभाषी व्यक्ति थे और सामाजिक सेवा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। श्री अजमेरा निःस्वार्थ भाव से जन सेवा में समर्पित थे। वे वर्ष 1980 में ज्वैलर्स असोसिएशन के उपाध्यक्ष बने और वर्ष 1984-85 के दौरान अध्यक्ष रहे।

श्री अजमेरा जी ने अनेक सामाजिक संस्थानों जैसे माहेश्वरी शिक्षा समिति, गवर्निंग काउंसिल ऑफ स्कूल्स, ज्वैलर्स कल्चरल सोसाइटी आदि में विभिन्न पदों पर कार्य किया। श्री जमना दास जी को 1979 में भारत के वित्त मंत्री द्वारा निर्यात के लिए पुरस्कार मिला और 1982 में राजस्थान दिवस पर उन्हें राजस्थान श्री के रूप में सम्मानित किया गया।

ज्वैलर्स असोसिएशन दिवंगत आत्माओं को सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करता है।


Savio
Jewellery
Bringing in the vigour of creativity
with skilful craftsmanship to create magic
in jewellery making
CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA, Tel: 0141-4012211
FACTORY: E-71, Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022, INDIA, Tel: 0141-2771970
E: saviojewellery@gmail.com, W: www.saviojewellery.com
saviojewellery
jewellerysavio


ACHAL
Jewels
Handcrafted
POLKI JEWELLERY
Achal Bhawan, D-149A, Savitiri Path, Bapu Nagar, Jaipur, Rajasthan 302015
achaljewels | Achaljewels | office@achaljewels.com




NAKSHATRA GEMS

ASHOK MAHESHWARI (BAGLA)
Secretary
Jewellers Association, Jaipur

NAVEEN SHARDA


302, Kasturi Palace, K.G.B. Ka Rasta, 1st Crossing,
Johari Bazar, Jaipur - 302003 (Raj.) India

(+91) 99294 47497, 98282 49959, 141-4014974, 141-4034600
Email: ashokmaheshwari302@gmail.com
Website: www.nakshatragems.in



NATIONAL
FACETS
JAIPUR
SINCE 1980
BEADS
CUTS
CABS
CARVINGS
Number -1, Shopping Center, Janta Colony, Jaipur-302004, Rajasthan, India
+91-141-4933327, info@nationalfacets.com
www.nationalfacets.com

RNC GEMS
1987
(RAM NARAYAN & COMPANY)



HOUSE OF FINEST
# EMERALDS


Emerald & Rubylite Necklaces | Precision Cut Emeralds | Fine Emerald Carvings
Wide Array of Emerald Cabochons | Calibrated Emeralds

+91 9680632730 / 9828011414

ramnarayanco501@gmail.com | /rncgems

**RAM NARAYAN & COMPANY**


501, SHYAMAL, ADARSH NAGAR, BEES DUKAN, JAIPUR, RAJASTHAN


GEM PLAZA
MAGNIFICENT JEWELS
Crafting your Connections with Colour
Flagship store :
Khetan Bhawan, M .I road, Jaipur - 302001, India
t: +91 141 2367948 e: showroom@gemplaza.net
Factory :
G-1/21-23, Gems & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India
t: +91 141 2770535 e: mail@gemplaza.net www.gemplaza.net



BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS
JEWELLERS

Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M.I. Road | T: +91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T: +91-141-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com


ROYAL
GEMS & JEWELS
TIMELESS MASTERPIECE HANDCRAFTED
With Impeccable Rose Cut Diamonds & Emeralds
Manufacturers & Exporters of Precious & Semi-Precious Stones and Fine Jewellery.
Retail Boutique Store of Fine Jewellery.
135, M. I. Road, Jaipur- 302001 INDIA
Phone:+91-141-4901188, Mobile: +91-98292-66772, Email: info@royalgemsandjewels.com,
Website: www.royalgemsandjewels.com

ICE No. 1388002949
GSTIN: 08ABIPV9663K1ZO

**Off. (0141) 2616191**
**Rakesh Kumar Vijay: 94140 46201**
**Mukesh Vijay: 94140 77173**
**Email ID: 123muk@gmail.com**

# RAKESH KUMAR VIJAY

**C-66, Saket Colony, Adarsh Nagar, Jaipur- 302 004 (INDIA)**

**"1996-97 & 97-98 GJEPC EXPORT AWARD WINNER"**


Manufacturers, Exporters & Importers
PRECIOUS & SEMI- PRECIOUS ROUGH STONE
**Specialist in : All Kinds of Precious & Semi- Precious Rough**



## Our Branches:

**ROLLY GEMS INC.**
48 West 48th Street Suite No. 1409,
NEWYORK- NY10036
Contact: 803-379-2121
Email ID: roallygems@gmail.com

**SHREE NATH GEMS P. LTD. JAIPUR**


JR
JAIPUR RATNA
BY ANUJ GEMS & JEWELLERY
An Elegant piece of Kundan ,Nakshi
Gold Jewellery defines our
Heritage
453, Mawa Wala Complex, Lalji Sand Ka Rasta,
Choura Rasta, Jaipur - 302003
Tel: +91 141 2310085 | M: +91 95870 17555, +91 9195872 96666
E : sc@jaipurratna.com, crm@jaipurrtana.com | W : www.jaipurratna.com


JEA Jewellery Eminence Awards
14th Jewellery Design Competition
Presented By
jas
JEWELLERS ASSOCIATION SHOW
ENTRIES OPENING SHORTLY
www.jasjaipur.com/JEAwards
JEWELLERS' ASSOCIATION JAIPUR SINCE 1927
252, Johari Bazar, Jaipur
Ph: +91 141 4034112, 113, 2563829
Email: info@jasjaipur.com

GJEPC INDIA | GTL GEM TESTING LABORATORY SINCE 1972

ESTABLISHED BY **GJEPC**, A BODY UNDER
**MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY**, **GOVERNMENT OF INDIA**

# WHEN YOU PUT YOUR TRUST IN US, WE SET IT IN STONE!

## GEM IDENTIFICATION | DIAMOND GRADING




### NOW IN SITAPURA WITH WORLD-CLASS LABORATORY INFRASTRUCTURE



- Bigger and secured premises
- Advanced laboratory with new state-of-art equipment
- Arrangement of Door-to-Door pick-up and Delivery of Samples (at a meagre charge)
- **New services in the pipeline**
  - Certification of Origin of Rubies, Sapphires and Emeralds
  - Certification of Pearls



**COLLECTION CENTRE AT**

**3RD FLOOR, RAJASTHAN CHAMBER BHAWAN,**
M.I. ROAD, JAIPUR

*Contact for more details*

**GEM TESTING LABORATORY**
**(THE GEM & JEWELLERY EXPORT PROMOTION COUNCIL)**

SP-111, R.K. Derewala Tower, KGK Campus, Near SEZ Phase 1,
Sitapura Industrial Area, Jaipur 302022
www.gtljaipur.info | gtl@gjepcindia.com
TEL: +91-141-2770995, 2941470